डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

पाक्षिक समाचार-पत्र के रूप में प्रकाशित, भोपाल 16.07.2022 से 29.07.2022 वर्ष-39 अंक-25 मूल्य ₹ 10.00

यूथ महापंचायत

मध्यप्रदेश में युवाओं में नेतृत्व विकास की दिशा में कोई कमी नहीं रहे - मुख्यमंत्री

भोपाल, युवाओं में नेतृत्व का विकास करने की दिशा में यूथ महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इसके सार्थक परिणाम लाने के लिए कोई कमी नहीं रहने दी जाए। नए विचारों एवं सुझावों से इस दिशा में कार्य किया जाए। युवा स्टार्टअप की विभिन्न गतिविधियों से भी जुड़ सकें इसके लिए प्रयास किए जाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में राज्य स्तरीय यूथ महापंचायत की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कहीं। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में यूथ महापंचायत के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आत्मनिर्भर एवं स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण में युवाओं की सहभागिता अधिकाधिक हो। उन्होंने यूथ महापंचायत में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

श्री चौहान ने कहा कि यूथ महापंचायत का उद्देश्य शहीद चंद्रशेखर आजाद की विरासत को आगे बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश के उत्साही युवाओं को साथ लाकर एक मंच प्रदान करना है, जिससे वे राज्य, देश और दुनिया की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों की पहचान कर हरसंभव समाधान सुझाएं।

प्रत्येक जिले से चुने गए आदर्श युवा प्रतिनिधियों और उनके संरक्षकों के पारस्परिक संवाद के इस दो दिवसीय आयोजन से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के विजन में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास होगा। साथ ही युवाओं में नेतृत्व कौशल भी विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवा बेटे-बेटियों से प्रदेश के गौरव शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर होने वाली राज्य स्तरीय 'यूथ महापंचायत' में भाग लेकर राष्ट्र और समाज की उन्नति में सहभागी बनने का आह्वान किया है। उन्होंने युवाओं से कहा कि अपनी योग्यता का उपयोग कर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में सहभागी बनें।

संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्री रवि गुप्ता ने बताया कि शहीद चंद्रशेखर आजाद की 116वीं जयंती पर भोपाल में आगामी 23 एवं 24 जुलाई को राज्य स्तरीय यूथ महापंचायत होगी।

बैठक में बताया गया कि सभी जिलों में होने वाली यूथ पंचायत से चयनित आदर्श युवा और उनके प्रेरक शामिल होंगे। यूथ महापंचायत में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन किया गया है और स्क्रीनिंग की प्रक्रिया की जा रही है।

ग्रीष्मकालीन मूंग

एमएसपी पर खरीदी का पंजीयन 18 जुलाई से होगा

भोपाल, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने बताया है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किसान हित में लिये गये निर्णय अनुसार 18 जुलाई से ग्रीष्मकालीन मूंग की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिये किसानों का पंजीयन प्रारंभ हो जायेगा। किसानों के पंजीयन के लिये राज्य सूचना केन्द्र को सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए गए हैं। पंजीयन कार्य 18 जुलाई से 28 जुलाई 2022 तक किया जायेगा।

श्री पटेल ने बताया है कि ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी 30 जिलों नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, रायसेन, हरदा, सीहोर, जबलपुर, देवास, सागर, गुना, खण्डवा, खरगोन, कटनी, दमोह, विदिशा, बड़वानी, मुरैना, बैतूल, श्योपुरकला, भिण्ड, भोपाल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, छतरपुर, उमरिया, धार, राजगढ़, मण्डला, शिवपुरी और अशोकनगर में होगी।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन ने लोकसभा और विधानसभा के आम एवं उप चुनाव के दौरान दुर्घटना से घायल एवं मृत शासकीय कर्मचारियों के अनुदान सहायता राशि भुगतान के लिये प्राप्त प्रकरणों के निराकरण करने अन्तर्विभागीय समिति का गठन अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया है।

खास खबर

पुलिस, सेना एवं पैरामिलिट्री फोर्स का भर्ती प्रशिक्षण प्रारंभ

भोपाल, खेल और युवा कल्याण विभाग के टी.टी. नगर स्टेडियम में पुलिस आरक्षक, सब इंस्पेक्टर, सेना के लिए अग्निवीर और पैरामिलिट्री फोर्स की भर्ती शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। यह प्रशिक्षण फोर्स की शारीरिक परीक्षा के लिए निर्धारित विधाओं दौड़, ऊंची कूद, लम्बी कूद, गोला फेंक आदि का प्रशिक्षण राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षकों के माध्यम से संचालित हो रहा है। इस प्रशिक्षण के जरिए भी कई प्रतियोगी पुलिस और सेना में चयनित होते रहे हैं।

भर्ती प्रशिक्षण में भाग लेने वाले इच्छुक उम्मीदवार टी.टी. नगर स्टेडियम के कार्यालय से सदस्यता फार्म प्राप्त कर निर्धारित शुल्क के साथ जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा**- प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी**- देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में**- प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह**- देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज 2022

विद्यार्थियों में पर्यटन के प्रति आकर्षण और जानकारी बढ़ाएगी

पर्यटन के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया होगी विकसित

भोपाल, स्कूली विद्यार्थियों को प्रदेश के पर्यटन से परिचित कराने एवं पर्यटन के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 'मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2022' आयोजित की जा रही है। प्रमुख सचिव पर्यटन और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता से बच्चों में पर्यटन के लिए मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के प्रति आकर्षण के साथ पर्यटन संबंधी जानकारी बढ़ेगी। प्रतियोगिता में शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई और केंद्रीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीमों को पर्यटन निगम के होटल्स के टूर पैकेज सहित प्रमाण-पत्र और मेडल दिए जायेंगे।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता 24 अगस्त को

पर्यटन क्विज प्रतियोगिता दो स्तर पर होगी। पहले चरण में जिला स्तरीय प्रतियोगिता 24 अगस्त को होगी। इसमें इच्छुक विद्यार्थी सहभागिता पंजीयन प्रपत्र 5 अगस्त तक जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य जिला स्तर उत्कृष्ट विद्यालय या जिला टूरिज्म प्रमोशन काउंसिल कार्यालय (कलेक्ट्रेट) में जमा कर सकेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 3 सदस्यीय टीम का चयन प्रतियोगिता से संबंधित विद्यालय के प्राचार्य विद्यालय स्तर पर करेंगे। हर जिले की प्रथम तीन विजेता टीमों को 2 रात और 3 दिन तथा तीन उप विजेता टीमों को एक रात और 2 दिन पर्यटन विकास निगम के होटल में निःशुल्क ठहरने का कूपन दिया जाएगा। इसमें पर्यटन स्थल तक आने-जाने, भोजन, स्थानीय भ्रमण आदि का व्यय शामिल होगा।

लिखित प्रश्नोत्तरी और ऑडियो-विजुअल होंगे प्रश्न

जिला स्तरीय प्रतियोगिता दो चरण में होगी। पहले चरण में लिखित प्रश्नोत्तरी और दूसरे चरण में ऑडियो-विजुअल प्रश्न शामिल होंगे। लिखित प्रश्नोत्तरी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीमों को ऑडियो-विजुअल चरण में प्रवेश दिया जाएगा। दोनों चरण में प्रदेश के पर्यटन से संबंधित परिक्षेत्र, कला, संवर्धन, अध्यात्म, ऐतिहासिक धरोहर, प्राकृतिक, सांस्कृतिक परिवेश एवं प्रदेश में फिल्मांकित फिल्म आदि से संबंधित प्रश्न होंगे। 'आजादी का अमृत महोत्सव' में मध्यप्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से संबंधित प्रश्न भी शामिल किए जायेंगे। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग, पर्यटन विकास निगम, जिला प्रशासन और जिला पुरातत्व पर्यटन और संस्कृति परिषद के सहयोग से की जा रही है। प्रतियोगिता से विद्यार्थी प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगों, स्थानीय कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों और पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित होंगे।

बूस्टर डोज अभियान की विधिवत शुरुआत 21 जुलाई से होगी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कोरोना के बूस्टर डोज टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुए।

भोपाल, मध्यप्रदेश में आगामी 21 जुलाई से कोरोना नियंत्रण के लिए बूस्टर डोज टीकाकरण अभियान की विधिवत शुरुआत की जाएगी। यह अभियान 25 सितम्बर तक जारी रहेगा। हर 15 दिन में टीकाकरण के लिए महाअभियान भी चलाया जाएगा। अधिकाधिक पात्र व्यक्ति बूस्टर डोज लगवाकर अभियान को सफल बनाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में कोविड-19 बूस्टर डोज टीकाकरण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बूस्टर डोज लगाए जाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों को दोनों डोज लगे हुए 6 माह हो चुके हैं, उन्हें बूस्टर डोज लगवाने की पात्रता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार प्रदेश की जनता ने वैक्सीन का पहला और दूसरा डोज लगवाने में देश में रिकॉर्ड स्थापित किया था, उसी तरह इस अभियान को भी सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि बूस्टर डोज लगवाने के लिए लोगों को जागरूक करने में कोई कमी नहीं रहने दी जाए। अधिकाधिक पात्र लोगों को बूस्टर डोज लगाया जाए। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह भी ध्यान रखें कि कोई भी पात्र व्यक्ति बूस्टर डोज लगवाने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि अभियान में विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, जन अभियान परिषद और क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों आदि को शामिल करते हुए जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। विभिन्न प्रचार माध्यमों से जनता से अपील भी की जाए।

श्री चौहान ने प्रदेश में कोरोना की स्थिति की जानकारी भी ली। कोरोना की टेस्टिंग लगातार हो रही है। जिस अनुपात में साप्ताहिक केस बढ़ रहे हैं उसी अनुपात में मरीज ठीक भी हो रहे हैं। वर्तमान में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, सीहोर और ग्वालियर में ज्यादा प्रकरण आए हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

9 जुलाई

एक साथ 73 लाख पेंशनधारकों को होगा पेंशन का वितरण

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 73 लाख से ज्यादा पेंशनभोगियों को अब एक साथ पेंशन मिल सकेगी। इसके लिए ईपीएफओ केंद्रीय पेंशन वितरण प्रणाली की स्थापना करने की तैयारी है। ईपीएफओ की 29 और 30 जुलाई को होने वाली बैठक में इस प्रणाली की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। इस प्रणाली की मदद से देशभर में 73 लाख से ज्यादा पेंशनधारियों के खातों में एक बार में ही पेंशन भेजी जा सकेगी। अभी ईपीएफओ के 138 क्षेत्रीय कार्यालय अपने क्षेत्र के पेंशनधारियों के खातों में पेंशन भेजते हैं। इससे उन्हें अलग-अलग दिन और समय पर पेंशन मिलती है। ईपीएफओ ने बताया कि इस प्रणाली की स्थापना के बाद पेंशन का वितरण 138 क्षेत्रीय कार्यालय के डाटाबेस के आधार पर होगा।

● नीदरलैंड्स में वर्क फ्रॉम होम अब कर्मचारियों का कानूनी अधिकार बनने जा रहा है। डच संसद के निचले सदन ने इस संबंध में कानून पारित कर दिया है। अब इस कानून को सीनेट की मंजूरी का इंतजार है। सीनेट की मंजूरी के बाद यह कानून बन जाएगा। वर्तमान में नीदरलैंड्स में नियोक्ता बिना कोई कारण बताए कर्मचारियों के घर से काम करने के किसी भी अनुरोध को अस्वीकार कर सकता है, लेकिन नए कानून के तहत नियोक्ता को ऐसे सभी अनुरोध पर विचार करना होगा और उन्हें अस्वीकार करने के लिए पर्याप्त कारण देना होगा। उल्लेखनीय है कि नीदरलैंड्स में कोरोना महामारी के पहले भी वर्क फ्रॉम होम की परंपरा रही है। कोरोना महामारी से पहले नीदरलैंड्स में 14 प्रतिशत लोग वर्क फ्रॉम होम कर रहे थे।

10 जुलाई

मिशन गगनयान में एक या दो भारतीय जायेंगे अंतरिक्ष

● भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष अभियान मिशन गगनयान की पूरी तैयारी हो चुकी है। अगले वर्ष भारत एक या दो लोगों को मिशन गगनयान के तहत अंतरिक्ष में भेजेगा। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि मिशन गगनयान के लिए 2 ट्रायल किए जाएंगे, जो कि इस वर्ष के अंत तक पूरे कर लिए जायेंगे। डॉ. सिंह ने बताया कि पहला ट्रायल खाली होगा, यानी कि पहले मानव रहित विमान अंतरिक्ष भेजा जायेगा। इसके बाद दूसरे ट्रायल में एक रोबोट अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इस रोबोट का नाम व्योम मित्र रखा गया है। इस रोबोट को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने विकसित किया है। मिशन गगनयान के दोनों ट्रायल के आधार पर ही मिशन का तीसरा चरण होगा। तीसरे चरण में दो लोगों को अंतरिक्षयान से भेजा जाएगा।

● राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने रोप-वे और केबलकार प्रणालियों के लिए एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। इस सर्वेक्षण के जरिए यानी केबलकार और रोप-वे प्रणालियों में संभावित सुरक्षा खामियों का पता लगाने के लिए एक ढांचागत ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। इसके जरिए दुर्घटना या आपात स्थिति में प्रभावी बचाव अभियान शुरू करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा एनडीआरएफ ने अपने दल को विशिष्ट रोप-वे बचाव कौशल में प्रशिक्षित करने तथा पुली और कारबिनर जैसे सुरक्षा उपकरणों की खरीद का भी फैसला किया है। इन उपकरणों का इस्तेमाल बचावकर्ता हवा में लटकी केबलकार में फंसे लोगों को निकालने में करेंगे।

11 जुलाई

निजी कंपनियों को मिलेगी उपग्रहों के स्वामित्व और संचालन की अनुमति

● केंद्र सरकार ने देश में अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार के लिए अंतरिक्ष नीति-2022 तैयार

की है। यह जानकारी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने दी। डॉ. सोमनाथ ने बताया कि सरकार अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार करना चाहती है। इसके लिए अंतरिक्ष नीति-2022 तैयार की गई है। इस नीति के तहत निजी संस्थानों (कंपनियों) को इमेजिंग उपग्रहों के स्वामित्व और संचालन की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक उपग्रहों का संचालन इसरो और रक्षा मंत्रालय के स्वामित्व में चल रहा था, लेकिन अब निजी संस्थाएं भी उनका स्वामित्व कर सकती हैं। डॉ. एस. सोमनाथ के अनुसार इसरो अगस्त 2022 की शुरुआत में स्माल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) को लॉन्च करेगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अंतरिक्ष क्षेत्र में नए रास्ते बनाना है। इस वर्ष कई मिशन हमारी योजना में शामिल हैं।

● जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या के बाद जापान की पुलिस ने इस हत्याकांड की जांच के लिए 90 सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया है। यह टास्क फोर्स पता लगाएगी कि शिंजो आबे की हत्या की घटना कैसे घटित हुई। जापान की सरकारी ब्रॉडकास्टर एनएचके के अनुसार नारा शहर में टास्क फोर्स ने घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या के बाद जापान में काफी रोष व्याप्त है।

12 जुलाई

प्रधानमंत्री ने नए संसद भवन के ऊपर स्थापित राष्ट्रीय चिह्न का किया अनावरण

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नए संसद भवन के ऊपर स्थापित राष्ट्रीय चिह्न अशोक स्तंभ का अनावरण किया। यह अशोक स्तंभ उच्च शुद्धता के कांस्य से बना है। इसका वजन 9500 किलोग्राम है। इसकी ऊंचाई 6.5 मीटर है। इस राष्ट्रीय चिह्न को नए संसद भवन के केंद्रीय कक्ष के शीर्ष पर स्थापित किया गया है। इस राष्ट्रीय चिह्न को देश के विभिन्न हिस्सों के 100 से ज्यादा कारीगरों और शिल्पकारों ने नौ माह से अधिक समय की मेहनत से तैयार किया है। केंद्रीय आवासीय एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के अनुसार नया संसद भवन इस वर्ष के अंत तक बनकर तैयार हो सकता है। संसद का शीतकालीन सत्र नए संसद भवन में ही आयोजित कराने की योजना है।

● रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच रूस ने यूरोप को सप्लाई होने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को बंद कर दिया है। रूस ने गैस सप्लाई की पाइपलाइन नॉर्ड स्ट्रीम-1 को मरम्मत कार्य के लिए बंद किया है। पाइपलाइन की मरम्मत के कार्य में दस दिन का समय लगेगा। उल्लेखनीय है कि नॉर्ड स्ट्रीम-1 पाइपलाइन रूस से जर्मनी में प्राकृतिक गैस सप्लाई का काम करती है। जर्मनी से पूरे यूरोप में गैस आपूर्ति की जाती है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं, जिसके बाद माना जा रहा था कि रूस जवाबी कार्यवाही में गैस सप्लाई रोक सकता है।

13 जुलाई

शांति और तरक्की के लिए किया जाए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल

● केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रणाली पर बेहद सावधानी के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश को इस तकनीक से होने वाली कानूनी, नीति संबंधी और आर्थिक पहलुओं का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिये। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमें मानवता की तरक्की और शांति के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने आर्टिफिशियल की नीतियों और खतरों पर गंभीरता से विचार करने की सलाह दी। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की प्रगति को रोक नहीं सकते, लेकिन इसे लेकर बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है।

● केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नौकरी के दौरान जान गंवाने वाले अपने कर्मचारियों के स्वजन तथा चिकित्सीय आधार पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के स्वजन को अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए संशोधित नीति को मंजूरी दी है। संशोधित नीति से गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले सभी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इस नीति में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवान भी शामिल हैं, जिनकी आतंकी हमलों या ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो जाती है। इस नीति के तहत अनुकंपा नियुक्ति देने में परिवार की आर्थिक स्थिति का संपूर्ण आंकलन किया जाएगा। गृह मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति के लिए योजना का प्रमुख पहलू पारदर्शिता और उद्देश्य है।

14 जुलाई

देश में 18 वर्ष से ज्यादा उम्र वालों को मुफ्त लगेगा कोरोना का बूस्टर डोज

● केंद्र सरकार ने देश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिये कोरोना का बूस्टर डोज मुफ्त में लगाने का ऐलान किया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुये केंद्र सरकार ने सभी वयस्कों को मुफ्त सतर्कता डोज लगाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में 15 जुलाई से 30 सितम्बर के दौरान 75 दिनों तक मुफ्त सतर्कता डोज अभियान चलाया जायेगा। यह सुविधा केवल सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि देश में कोरोना रोधी वैक्सीन की सतर्कता डोज 10 जनवरी, 2022 से लगनी शुरू हुई थी। केंद्र सरकार ने पिछले दिनों कोरोना वैक्सीन के दूसरे डोज और सतर्कता डोज के बीच अंतराल को 9 महीने से घटाकर 6 महीने किया था।

● पश्चिम बंगाल में प्राकृतिक तेल और गैस का नया भंडार मिला है। तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने बताया कि कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले के अशोकनगर में भारी मात्रा में तेल और गैस के नये भंडार मिले हैं। यहां अगले वर्ष की शुरुआत से ही कच्चे तेल और गैस निकलने की प्रक्रिया व्यावसायिक रूप से शुरू होने की उम्मीद है। ओएनजीसी के अनुसार 20 दिसम्बर, 2020 को अशोकनगर में तेल और गैस भंडार का पता चला था, इसके बाद से अशोकनगर और उसके आसपास के क्षेत्रों में तेल और गैस के नये भंडार की खोज की जा रही है।

15 जुलाई

देशभर में खुलेंगे जन उर्वरक केंद्र

● केंद्र सरकार जन औषधि केंद्र की तर्ज पर देशभर में जन उर्वरक केंद्रों को स्थापित करेगी। यह जानकारी केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने एक समारोह में दी। उन्होंने कहा कि फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिये सरकार जल्द ही भारतीय जन उर्वरक योजना लॉन्च करेगी। श्री मांडविया ने घरेलू तकनीक पर आधारित नैनो यूरिया के संबंध में कहा कि इससे देश यूरिया के मामले में आत्मनिर्भर हो जायेगा। उन्होंने कहा कि भले ही वैश्विक तौर पर उर्वरक की कीमतें बढ़ रही हो, लेकिन सरकार सब्सिडी बढ़ाकर किसानों को राहत दे रही है। उन्होंने कहा कि उर्वरक की उपलब्धता को बढ़ाने के लिये नैनो टेक्नोलॉजी से तैयारी यूरिया से कृषि में क्रांति आ गई है। देश में इसके उपयोग को बढ़ाने पर जोर देने की जरूरत है।

● अमेरिका ने दो अलग-अलग हाइपरसोनिक मिसाइलों का सफल परीक्षण किया है। इन मिसाइलों को अमेरिकी हथियार निर्माता कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने डिजाइन किया है। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने दोनों मिसाइलों के सफल परीक्षण की पुष्टि की है। पेंटागन के अनुसार ये परीक्षण कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस से उड़ान भरने वाले बी-52 बमवर्षक विमान के जरिये किये गये हैं। इन मिसाइलों को रूस और चीन द्वारा विकसित सुपरसोनिक हथियारों की कार के तौर पर देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हाइपरसोनिक हथियार ऊपरी वायुमंडल में ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक यानी 6200 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से प्रहार करते हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

20 जुलाई से नये बैच प्रारंभ
CTET परीक्षा तिथि दिसंबर 2022
PNST(नर्सिंग)
NEET/ PV&FT
11th 12th/CUET
PCB | COMMERCE | ARTS
बालाजी ट्यूटोरियल्स (Since 2004)
ऑफिस: 221, वेदा बिल्डिंग, भँवरकुआ इन्दौर
98930-53653
Saral
R-47256/2022

साप्ताहिक रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 29 18.07.2022 से 24.07.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मिशन सेहत से स्वास्थ्य सेवाओं की बदलेगी रंगत

मध्यप्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सिविल और जिला अस्पताल तक की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के भवनों की बेहतर देखभाल और संधारण के लिये विशेष अभियान मिशन सेहत संचालित किया जायेगा। इसमें संस्था के प्रमुखों को सितम्बर अंत तक भवनों के सामान्य एवं विशेष प्रकार के मरम्मत कार्यों को करवाना होगा। कार्य करवाने के अधिकार संस्था प्रमुखों को देते हुये मरम्मत में आने वाले व्यय की राशि भी आवंटित की जा रही है। उपरोक्त जानकारी मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य आयुक्त ने दी। स्वास्थ्य आयुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के शासकीय भवनों के संधारण की वर्तमान व्यवस्था में अतिरिक्त प्रावधान करते हुये समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को उनकी रोगी कल्याण समितियों से मरम्मत के लिये राशि उपलब्ध करायी जा रही है। इसके तहत स्वास्थ्य संस्थाओं के भवनों की सामान्य और विशेष मरम्मत के कार्य किये जाना हैं। सामान्य मरम्मत में भवन की रंगाई-पुताई, पेंटिंग, दरवाजे खिड़कियों की मरम्मत, टूटे हुये कांच बदलना, प्लास्टर का पैच वर्क, जल-प्रवाह व्यवस्था दुरुस्त करना, विद्युत मरम्मत, भवन के फ्लोटिंग की मरम्मत और अस्पताल के मुख्य स्थानों पर साइनेज बनाने के कार्य शामिल हैं। सामान्य मरम्मत के कार्यों को करने के लिये संबंधित स्वास्थ्य संस्था के प्रभारी को अधिकृत किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी/चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में खंड चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पतालों में अस्पताल अधीक्षक और जिला अस्पतालों में सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक अपने प्रशासकीय नियंत्रण के अधीन प्रत्येक भवन के मरम्मत कार्य के लिये भवन प्रभारी होंगे। संस्था प्रमुख अपने अधीन संचालित भवनों के संधारण और मरम्मत कार्य के लिये राज्य स्तर से जारी दिशा-निर्देश के अनुसार कार्यालय अथवा अस्पताल भवन स्तर की पर्यवेक्षक समिति गठित कर सकेंगे। राज्य स्तर के मरम्मत कार्यों की राशि तथा संबंधित चिकित्सालयों की रोगी कल्याण समिति के बैंक खाते की जिम्मेदारी के आधार पर जिलेवार बजट आवंटन किया जा रहा है। सामान्य मरम्मत के कार्यों के निष्पादन के लिये प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति के प्राधिकृत अधिकारी संस्था प्रमुख होंगे। गठित समिति की अनुशंसा पर भवन प्रभारी 5 लाख रुपये तक के कार्यों को नियमानुसार निविदा प्राप्त कर न्यूनतम दर देने वाली एजेंसी से करवायेंगे। कार्य होने के बाद मरम्मत के फोटोग्राफ्स का संधारण भी किया जायेगा। मरम्मत के सभी कार्यों को सभी संस्थाओं के भवन प्रभारी 20 सितम्बर, 2022 तक अनिवार्य रूप से करवाना सुनिश्चित करेंगे। विशेष मरम्मत के कार्यों में छत की वाटर प्रूफिंग और मरम्मत कार्य, भवन के फर्श का नवीनीकरण, सेनिटरी फिटिंग, ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण, मरम्मत कार्य और साधारण मरम्मत के अतिरिक्त अन्य आवश्यक मरम्मत के बड़े कार्य शामिल हैं। विशेष मरम्मत के लिये जिलों से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार विभागीय/संभागीय कार्यपालन यंत्रियों से विस्तृत प्राक्कलन प्राप्त कर तकनीकी स्वीकृति के बाद विभाग के सक्षम स्तर से सभी कार्यों के लिये प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जायेगी। विशेष मरम्मत के कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग की पीआईयू की प्रचलित दर अनुसूची लागू होगी।

कैंसर के इलाज में मदद करेगा कम्प्यूटर

कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसके नाम से ही व्यक्ति घबराता है। इस बीमारी का शुरुआती चरण में पता न चल पाना सबसे बड़ी समस्या है। इसी वजह से हर साल बड़ी संख्या में लोग काल के गाल में समा जाते हैं। कैंसर पर दुनियाभर में विभिन्न तरह के शोध चलते रहते हैं। कैंसर एक ऐसी बीमारी के रूप में उभरा है, इसकी वजह है इसके लिये जिम्मेदार कारकों का सही समय पर पता न चलना। इस वजह से कैंसर के इलाज में देरी हो जाती है। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट और टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के शोधकर्ताओं ने एक ऐसा कम्प्यूटर विकसित किया है, जो इंसान से ज्यादा बेहतर तरीके से कैंसर के शुरुआती चरण का पता लगा सकेगा। साथ ही कैंसर कोशिकाओं के जीनोम को तेजी से स्कैन कर सकता है। यह अध्ययन मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ता और राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की ओर से किया गया। शोधकर्ताओं ने बताया कि इससे आने वाले समय में कैंसर जैसी घातक बीमारी की समय रहते पहचान हो सकेगी। शोधकर्ताओं ने कहा कि कई बार कैंसर क्यूरेट बदलता रहता है। ऐसे में इसकी पहचान करना चुनौतिपूर्ण हो जाता है। कई बार यह जानलेवा भी हो जाता है। नये कम्प्यूटर मॉडल से कैंसर के शुरुआती चरण की सटीकता से पहचान हो सकेगी। शोधकर्ताओं ने बताया कि अध्ययन के निष्कर्षों से ऐसे रोगियों की पहचान हो सकेगी। साथ ही चिकित्सकों को उन दवाओं की पहचान करने में मदद मिल सकती है। जिनसे सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकेगा। शोधकर्ताओं ने बताया कि करीब 30 फीसदी कैंसर रोगियों में कैंसर क्यूरेशन के चलते पहचान नहीं हो पाती। शोधकर्ता मैक्सवेल शेरमेन ने बताया कि दुनियाभर में हर साल लाखों लोगों की मौत केवल कैंसर से हो जाती है। इसके अलावा कैंसर का इलाज बहुत महंगा है। ऐसे में कई मरीजों की मौत बिना इलाज के हो जाती है। नया कम्प्यूटर मॉडल कैंसर का पता लगाने और उसके इलाज के नये दरवाजे खोलने में मदद कर सकता है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व हेपेटाइटिस दिवस 28 जुलाई

लिवर सेहतमंद रहे तो बच सकेंगे हेपेटाइटिस से

'रोकथाम इलाज से बेहतर है'। यह बात डच दार्शनिक डेसिडेरियस इरास्मस ने कही थी और सच भी है कि, अगर हम किसी भी बीमारी की रोकथाम पहले ही कर लें तो इलाज से होने वाली कितनी ही परेशानियों से स्वयं को बचा सकते हैं। ऐसा ही एक गंभीर रोग है हेपेटाइटिस, जिससे रोकथाम की आवश्यकता हमारे पूरे विश्व को है, क्योंकि यह रोग लिवर से संबंधित है, एक ऐसा अंग जो शरीर के 500 से अधिक काम करता है।

28 जुलाई को हर वर्ष विश्व हेपेटाइटिस दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता है। हेपेटाइटिस एक तरह के वायरस का संक्रमण है, इसकी वजह से व्यक्ति के लिवर में सूजन आ जाती है, लेकिन अधिकतर लोगों को इस बारे में पता नहीं है, कि यह एक जानलेवा रोग है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार इस समय पूरी दुनिया में 29 करोड़ लोग ऐसे हैं, जो हेपेटाइटिस से ग्रसित तो हैं, लेकिन उन्हें इसके बारे में जानकारी नहीं है। दुनिया में लोगों की मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हेपेटाइटिस है, मलेरिया और एड्स की कुल मौतों से अधिक मौतें अकेले हेपेटाइटिस से हर साल होती हैं।

त्वचा के बाद लिवर हमारे शरीर का दूसरा सबसे बड़ा अंग है। इसका वजन 1.4 किलोग्राम के आसपास है। यह भोजन पचाने से लेकर पित्त बनाने तक का काम करता है। लिवर शरीर को संक्रमण से लड़ने, ब्लड शुगर को कंट्रोल करने, शरीर से विषैले पदार्थों को निकालने, फैट को कम करने और कार्बोहाइड्रेट को स्टोर करने से लेकर प्रोटीन बनाने में मदद करता है। लिवर के दो हिस्से होते हैं दायां और बायां। सामान्यतः किसी व्यक्ति का जब लिवर ट्रांसप्लांट किया जाता है, तो बायां हिस्सा ही डोनर का लिया जाता है। बारिश के मौसम में दूषित पानी में उत्पन्न होने वाला अमीबा लिवर को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा सकता है, इसलिए बारिश के मौसम में खानपान को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

इस वर्ष की थीम

हर वर्ष विश्व हेपेटाइटिस दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2022 में इसकी थीम 'Hepatitis Can't wait' है। इस बीमारी की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रत्येक 30 सेकेंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हेपेटाइटिस या उससे संबंधित बीमारी की वजह से होती है। बहुत कम समय में ही यह बीमारी गंभीर रूप धारण कर लेती है। इसलिए प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी गुणवत्तापूर्ण उपलब्ध होनी चाहिए। वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस को पूरी तरह खत्म करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें हेपेटाइटिस-बी और सी के नए संक्रमण को कम करने की आवश्यकता है तथा वर्ष 2025 तक लिवर कैंसर से होने वाली मौतों को 50 फीसदी तक कम करने की जरूरत है। हेपेटाइटिस के प्रति लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है। इस गंभीर रोग को खत्म करने के लिए इसके विरुद्ध जंग सभी को मिलकर लड़नी होगी।

मोटापे का लिवर की क्षमता पर असर

आजकल एक शब्द बहुत ज्यादा चलन में है फैटी लिवर। पहले फैटी लिवर की समस्या सिर्फ अल्कोहल लेने वाले लोगों में होती थी। अब अनियमित और आरामतलब जीवनशैली की वजह से फैटी लिवर की समस्या किसी को भी किसी भी उम्र में हो सकती है। पूरे शरीर पर चर्बी जब जमा होती है, तो लिवर पर भी होने लगती है। इससे लिवर की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। इसके फलस्वरूप शरीर में कमजोरी, हाथ-पैर में दर्द, उल्टी आना, जी मचलाना, किसी भी काम को करने में थकान महसूस



होना जैसी समस्याएं होने लगती हैं। लिवर फैटी है या नहीं इसका पता लगाने के लिए एसजीओपीटी लिवर फंक्शन टेस्ट, सोनोग्राफी आदि टेस्ट किए जाते हैं। भारतीय पुरुष और महिलाओं की औसत हाइट के हिसाब से पुरुषों का वजन अगर 75 किलो से ज्यादा है और महिलाओं का वजन 60 किलो से ज्यादा है, तो लिवर के फैटी होने की आशंका बनी रहती है।

अगर आप पूरी तरह स्वस्थ हैं, तो लिवर की सेहत बनाए रखने के लिए अपना वजन नियंत्रित रखिए। आहार में प्रोटीन, फाइबर और कार्बोहाइड्रेट का संतुलन बनाकर रखिए। पूरी तरह जंकफूड से दूरी नहीं बना सकते हैं, तो भी महीने में एक या दो बार से अधिक जंकफूड या फैटी फूड न खाएं। कोल्ड ड्रिंक या अन्य वेवरेज को पीने से बचिए। साथ ही अल्कोहल भी नहीं लेना चाहिए, यह लिवर सिरोसिस या लिवर कैंसर जैसी बीमारी को जन्म देता है।

पीलिया में भी सावधानी जरूरी

पीलिया के मुख्य कारणों में सबसे ज्यादा मुख्य कारण है हेपेटाइटिस-वायरस का इंफेक्शन। 95 प्रतिशत मामलों में यह 10-20 दिन में धीरे-धीरे ठीक हो जाता है। शुरू के 7 से 10 दिन तक बच्चों में पीलिया बढ़ता है तथा इसके पश्चात यह धीरे-धीरे कम होने लगता है। पीलिया होने पर यदि यह लक्षण नजर आएं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

- बहुत ज्यादा एवं बार-बार उल्टी होना।
- बहुत ज्यादा कमजोरी होना एवं चक्कर आना।
- उल्टी या मल में खून आना।
- व्यवहार एवं बोली में बदलाव आना।
- ज्यादा नींद आना या बेहोशी जैसा लगना।
- शरीर पर सूजन आना।
- श्वांस तेज चलना।

यहां पर यह जानकारी होना भी अत्यंत आवश्यक है कि 10-15 प्रतिशत बच्चों में पीलिया सामान्य हेपेटाइटिस-ए वायरस की वजह से ना होकर कोई अन्य क्रोनिक लिवर डिजीज जैसे विल्सन डिजीज, ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस या कोई अन्य हेपेटाइटिस-बी एवं सी जैसे खतरनाक वायरस, टीबी, मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड आदि की वजह से, पित्त नलिकाओं की सिकुड़न, बिलियरी ऐट्रेसिया, मेटाबॉलिक-हीमोक्रोमेटोसिस, गेलेक्टोसेसिया, टाईरोसिनेमिया आदि की वजह से भी हो सकता है और ऐसे केस में झाड़-फूंक के पास जाकर समय खराब करने से पीलिया बिगड़ने की आशंका अधिक रहती है।

पीलिया को लेकर आज भी है समाज में अंधविश्वास

पीलिया को लेकर समाज में कई तरह के अंधविश्वास फैले हुए हैं। पीलिया का इलाज कराने वाले लोगों में तीन तरह के लोग होते हैं। एक वो लोग होते हैं, जो झाड़-फूंक भी करवाते हैं और डॉक्टर की दवाइयां भी लेते हैं। एक तरह के वे लोग होते है जो सिर्फ डॉक्टर के बताए अनुसार दवाइयों पर भरोसा करते हैं और झांड़-फूंक एवं टोने-टोटके में बिल्कुल विश्वास नहीं करते हैं और तीसरी तरह के लोग वे होते हैं, जो सिर्फ झांड़-फूंक में ही भरोसा करते हैं। यह दो कारणों में हो सकता है या तो आर्थिक कमजोरी की वजह से या फिर अंधविश्वास या अज्ञानता की वजह से। तीसरी श्रेणी के लोग मुख्यतया खतरे की स्थिति में पंहुच जाते हैं और वो डॉक्टर के पास तब पहुंचते हैं जब मरीज की स्थिति बहुत ज्यादा गंभीर होने लगती है और मरीज को बेहोशी एवं दौरे पड़ने लगते हैं। पीलिया के बारे में समाज में अज्ञानता को दूर करने एवं इसके बारे में वर्षों से चली आ रही भ्रांतियों को दूर करने की सख्त आवश्यकता है।

हेपेटाइटिस एक प्रकार का संक्रामक वायरस है। हेपेटाइटिस की बीमारी पांच प्रकार की होती है, ये हैं हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई। हर प्रकार के हेपेटाइटिस लिए बचाव और उपचार अलग-अलग होते हैं।

हेपेटाइटिस-ए का कारण : इस हेपेटाइटिस से व्यक्ति तब पीड़ित होते हैं, जब हेपेटाइटिस ए वायरस से संक्रमित पानी पीते या भोजन करते हैं। यह संक्रामक रोग है, इसलिए अगर ऐसे व्यक्ति के शारीरिक संपर्क में हैं, जिसे हेपेटाइटिस ए है तो भी इस बीमारी के शिकार हो सकते हैं।

बचाव के लिए : हेपेटाइटिस-ए से बचने के लिए इसकी वैक्सीन लगवाएं। बच्चों को पहले जन्मदिन के कुछ दिन बाद ही यह वैक्सीन लगवा देनी चाहिए। अगर ऐसे स्थान पर जा रहे हैं, जहां इसके संक्रमण का खतरा अधिक है, तो अपने खाने-पीने को लेकर अधिक सावधानी रखिए।

हेपेटाइटिस बी : यह रक्त जनित होता है तथा रक्त और रक्त उत्पादों के साथ संपर्क के माध्यम से फैलता है। रक्त, सीमेन, वजाइनल स्त्राव और शरीर का कोई भी स्त्राव, जिसमें रक्त मिश्रित हो उससे हेपेटाइटिस-बी का संक्रमण हो सकता है। यह संक्रमित गर्भवती मां से उसके बच्चे के जन्म के समय में नवजात शिशु को हो सकता है।

उम्र का हेपेटाइटिस-बी के संक्रमण से संबंध : जितनी कम उम्र में हेपेटाइटिस-बी का संक्रमण होता है उतना ही अधिक यह बीमारी लिवर को प्रभावित करती है। जैसे अगर नवजात में हेपेटाइटिस-बी का सक्रंमण हुआ है तो 80 से 90 प्रतिशत, अगर बच्चे में है तो 20 से 30 प्रतिशत और किसी वयस्क में संक्रमण हुआ है, तो लिवर के प्रभावित होने की आशंका 3 से 5 प्रतिशत तक होती है।

बचाव के लिए : बच्चों को जन्म के तुरंत बाद इसकी पहली वैक्सीन लगवा देनी चाहिए। जहां हेपेटाइटिस बी के संक्रमण का खतरा अधिक है तो वैक्सीनेशन जरूर कराएं।

हेपेटाइटिस सी : हेपेटाइटिस सी के लिए कोई वैक्सीन नहीं है, और अधिकतर लोगों में कई वर्षों तक कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं, इसलिए लोगों को पता ही नहीं चलता की वो इससे संक्रमित हैं।

बचाव के लिए : किसी व्यक्ति द्वारा प्रयोग की हुई सुई का प्रयोग न करें। संक्रमित व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध न बनाएं।

हेपेटाइटिस डी : हेपेटाइटिस डी का संक्रमण हेपेटाइटिस डी वायरस से संक्रमित व्यक्तियों में होता है। एचडीवी और एचबीवी दोनों संक्रमण के कारण बीमारी अधिक गंभीर हो जाती है।

बचाव के लिए : जिन लोगों को हेपेटाइटिस है वो विशेष सावधानी रखें, ताकि हेपेटाइटिस डी की चपेट में आने से बच सकें।

हेपेटाइटिस ई : हेपेटाइटिस ए के समान ही हेपेटाइटिस ई के वायरस भी गंदे पानी या भोजन के द्वारा फैलते हैं।

बचाव के लिए : साफ-सफाई का विशेष तौर पर ध्यान रखें। टैटू या एक्युपंचर के लिए स्टरलाइज निडिल का इस्तेमाल करें। अपने टूथब्रश और रेज़र किसी के साथ साझा न करें।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1344
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ईमेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन - 0755-2553402, फैक्स - 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक - 505/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 08.07.2022**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 27.07.2022 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड** तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2022_WRD_189389	पेंच व्यपवर्तन परियोजना की जमुनिया माइक्रो प्रेसर सिंचाई योजना कुंडा डी.सी. के लुंग्सी और सिंगना के बीच पावर सप्लाई लाइन का सुधार एवं रखरखाव कार्य।	नरसिंहपुर	16.03
2.	2022_WRD_189391	पेंच व्यपवर्तन परियोजना की जमुनिया माइक्रो प्रेसर सिंचाई योजना कुंडा डी.सी. के सिंगना और बाम्हनवाड़ा के बीच पावर सप्लाई लाइन का सुधार एवं रखरखाव कार्य।	नरसिंहपुर	16.02
3.	2022_WRD_199146	बाणसागर त्योंथर उद्वहन सिंचाई योजना के जैकवेल के राइजिंग मेन में स्थापित एयर कुशन वाल्व का मरम्मत कार्य।	शहडोल	3.11
4.	2022_WRD_199148	बाणसागर परियोजना त्योंथर उद्वहन सिंचाई योजना का विविध मरम्मत कार्य।	शहडोल	0.71
5.	2022_WRD_209209	कुण्डालिया एवं पडदा तालाब का मरम्मत कार्य।	नीमच	4.60
6.	2022_WRD_209697	उपसंभाग, बागली के स्टाप डेम/बैराज के गेट खोलने एवं बंद करने का कार्य।	देवास	1.07
7.	2022_WRD_209698	चन्द्रकेशर बांध का वार्षिक मरम्मत कार्य।	देवास	4.19
8.	2022_WRD_209699	उपसंभाग बागली के 9 नग लघु जलाशय का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत कार्य।	देवास	5.01
9.	2022_WRD_209942	बाणसागर पुरवा नहर के आर.डी. 0.00 कि.मी. पर स्थापित इलेक्ट्रिकली ऑपरेटेड एच.आर. गेट का मरम्मत कार्य।	शहडोल	1.16
10.	2022_WRD_209943	बाणसागर गुढ़-मऊगंज उद्वहन सिंचाई योजना में स्थापित व्ही.टी. पम्प नम्बर 3 के बेयरिंग बदलीकरण का कार्य।	शहडोल	1.46
11.	2022_WRD_209944	बाणसागर सिंहवाल मुख्य नहर के आर.डी. 63.00 कि.मी. एवं 65.00 कि.मी. में स्थापित स्केप गेट एवं सी.आर. गेट का मरम्मत कार्य।	शहडोल	3.36
12.	2022_WRD_209945	बाणसागर गुढ़-मऊगंज उद्वहन सिंचाई योजना सुपिया का विविध मरम्मत कार्य।	शहडोल	0.79
13.	2022_WRD_209946	बाणसागर मुख्य बांध के ब्लॉक नं.-22 में स्थापित इलिवेटर मशीन का अनुरक्षण कार्य।	शहडोल	10.31
14.	2022_WRD_210788	चम्बलेश्वर एवं बेसला तालाब का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य।	नीमच	12.99
15.	2022_WRD_210789	चेनपुरा, हमेरिया एवं जीरन तालाब का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	नीमच	7.43
16.	2022_WRD_210790	नयापुराना तालाब का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	नीमच	4.98
17.	2022_WRD_210880	अम्बामाता एवं मालखेड़ा संथा के तालाबों का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य।	नीमच	2.54
			कुल योग	**95.76**

जी-14215/47242/2022 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दतिया (म.प्र.)

Email Id - phe_datia@yahoo.com, Phone No. 07522-237520

नि.आ.सू.क्र. 14/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./खण्ड/2022-23 दतिया, दिनांक : 11.07.2022

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 11.07.2022 को दोपहर 12.00 बजे से **दिनांक 25.07.2022** को सायं 5.30 बजे तक क्रय तथा दिनांक 11.07.2022 को दोपहर 01.00 बजे से दिनांक 25.07.2022 को सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं तथा निविदाकार द्वारा निविदा में प्रस्तुत दरों की बिड दिनांक 28.07.2022 को प्रातः 11.00 बजे खोली जावेगी।

निविदाकार द्वारा निविदा में प्रस्तुत समस्त दस्तावेज मय धरोहर राशि के ऑनलाइन ही जमा करने होंगे। इन्हें भौतिक रूप से जमा नहीं किया जावेगा।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं शर्तें व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र. एवं कार्य :- 1. New Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at **Village :- Ghanshyampur, Bindwa, Badakchari, Sojna, Bhedpura, Bilheti, Saketpura, Dalpatpur & Bagdehi. Block :- Bhander, Distt. Datia (M.P.)** based on Tube Well including installation of electric submersible water motor pump, construction of 20 KL R.C.C. Sump well cum pump house, laying & jointing Rising Main & distribution pipe line system, household tap connections, construction of pump house and electric power connections at tube well and sump well including cost of all material & labour with 45 Days Trial Run/Commissioning period.

निविदा सिस्टम क्रमांक	जिला	संख्या	अनुमानित लागत (PAC) (रु. लाख में)	धरोहर राशि (EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2022_PHED_211039_1	दतिया	01 कार्य	428.55	428550/-	15000/-	180 दिवस वर्षाकाल छोड़कर

कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
जी-14248/47244/2022 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड दतिया (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड विदिशा (म.प्र.)

Mail ID :- eephvid@mp.nic.in, Fax No. :- 07592-250663
Telephone No. :- 07592-250663, VIDISHA-464001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 04/नि.प्र./लोस्वायांवि/खण्ड विदिशा 2022-23 दिनांक 11.07.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

विदिशा जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समितियों को "जल जीवन मिशन" के क्रियान्वयन में सहायता हेतु इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसीज (आई.एस.ए.) की व्यवस्था हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 26.07.2022 को सायं 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है :-

स. क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	ग्रामों की संख्या	अनुमानित लागत (PAC) (रु. में)	धरोहर राशि (EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	2022_PHED_211114_1	200	9624000/-	96240/-	10000/-	15 माह वर्षाऋतु सहित	जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मध्यप्रदेश भोपाल में इम्पेनल्ड एजेंसीज
2.	2022_PHED_211120_1	200	9624000/-	96240/-	10000/-	15 माह वर्षाऋतु सहित	
3.	2022_PHED_211121_1	200	9624000/-	96240/-	10000/-	15 माह वर्षाऋतु सहित	
4.	2022_PHED_211122_1	200	9624000/-	96240/-	10000/-	15 माह वर्षाऋतु सहित	
5.	2022_PHED_211123_1	200	9624000/-	96240/-	10000/-	15 माह वर्षाऋतु सहित	

सदस्य सचिव जिला जल एवं
स्वच्छता मिशन एवं कार्यपालन यंत्री
जी-14285/47245/2022 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विभाग खण्ड विदिशा (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड देवास (म.प्र.)

सिविल लाइन, मेडकी रोड देवास
दूरभाष (07272) 251573, ई-मेल - eepheddew@yahoo.com

क्रमांक/1736/लेखा/निविदा/काय/खण्ड/2022 देवास, दिनांक : 12.07.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर देवास जिले के विकासखण्ड बागली एवं कन्नौद के विभिन्न ग्रामों में 'जल जीवन मिशन' रेटरोफिटिंग अंतर्गत आर.सी.सी. टंकी निर्माण, आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण, पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन तथा योजना का संचालन/संधारण कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
59/2022-23 Date 12.07.22	2022_PHED_211174_1	कन्नौद	2	149.43	149430/-	12500/-	06 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
60/2022-23 Date 12.07.22	2022_PHED_211178_1	कन्नौद	3	159.54	159540/-	12500/-	06 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
61/2022-23 Date 12.07.22	2022_PHED_211180_1	कन्नौद	2	162.83	162830/-	12500/-	06 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
62/2022-23 Date 12.07.22	2022_PHED_211181_1	बागली	3	158.18	158180/-	12500/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
				629.98				

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि **20.07.2022 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.07.2022 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि 22.07.2022 02.30 बजे

निविदा का विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। यदि निविदा में कोई संशोधन होता है तो वेबसाइट पर देखा जा सकता है, उसका पृथक से प्रकाशन नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-14289/47246/2022 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड देवास

Atal Bihari Vajpayee Institute of Good Governance & Policy Analysis

An ISO 9001:2015 Organisation
(A Regd. Body of Govt. of M.P under Public Service Management Department)
Office : Sushasan Bhawan, Bhadbhada Square T.T. Nagar, Bhopal (M.P.) 462003
Telephone : 0755-2777317, 2777216, 2777308

APPOINTMENT

Applications in the prescribed format are invited for appointment on deputation or tenure basis at Bhopal for the various posts. The details of the advertisement along with the prescribed format of application can be seen at the Institute's website **www.aiggpa.mp.gov.in.**The application, complete in all respect should reach to the Chief Manager (Administration), Atal Bihari Vajpayee Institute of Good Governance & Policy Analysis, Sushasan Bhawan, Bhadbhada Square, T.T. Nagar, Bhopal-462003 through proper channel by registered post/ speed post/courier latest by 5:00 pm on **25th July 2022** Incomplete applications or applications received after the due date and time, will not be considered. Any intimation, in future in this regard will be published only on the Institute's website.

M.P. Madhyam/105423/47251/2022 **Chief Executive Officer**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, नर्मदापुरम
पुलिस कन्ट्रोल रूम के सामने, पिपरिया रोड

दूरभाष क्रमांक - 07574-252571, (फैक्स) - 07574-253119

E-mail Address - eephedhos@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर नर्मदापुरम जिले के विकासखंड **सिवनी मालवा** के विभिन्न ग्रामों में 'जल जीवन मिशन' अंतर्गत रेट्रोफिटिंग एवं नवीन नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन के तहत आरसीसी उच्चस्तरीय टंकी निर्माण, आरसीसी फ्रेम्ड पंप हाउस निर्माण, मोटर पंप स्थापना, पाइप लाइन बिछाना, घरेलू नल कनेक्शन, विद्युत संयोजन कार्य तथा समस्त सामग्री एवं लेबर सहित योजनाओं की टेस्टिंग, कमीशनिंग, 90 दिवस तक ट्रायल रन कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खंड का नाम	ग्रामों की संख्या	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत (रुपये में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
01/ 22-23 दिनांक 12.7.22	2022_ PHED_ 211219 _1	सिवनी मालवा	17	1. चापडा ग्रहण 2. गुराडिया जाट 3. झिल्लाए 4. गोंडरी खरार 5. बोराटा 6. लोधडी 7. पथाडा 8. दिमावर 9. भैंसदेह 10. रामपुरा 11. काजली 12. अर्चना गांव 13. कोलगांव 14. लुचगांव 15. पापन 16. रिछी 17. उमरिया	85932500/-	859325/-	20000/-	270 दिवस वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
02/ 22-23 दिनांक 12.7.22	2022_ PHED_ 211220 _1	सिवनी मालवा	18	1. अमर खटारा 2. बावड़िया बापु 3. बांकाबेडी 4. गीतखेडा 5. गुरंजघाट 6. रानीपुर 7. तिनसिया 8. बावडिया भाउ 9. बासनिया कला 10. भैरोंपुरा 11. चौकीगवां 12. धामनिया 13. जीरावेह 14. रावनपीपल 15. निपनिया 16. कुसुम कुई 17. बराखड खुर्द (रेट्रोफिटिंग) 18. पिपलिया कलां (रेट्रोफिटिंग)	97455000/-	974550/-	20000/-	270 दिवस वर्षाऋतु सहित	–तदैव–
03/ 22-23 दिनांक 12.7.22	2022_ PHED_ 211222 _1	सिवनी मालवा	17	1. खारदा 2. बारसेल 3. वटकुई उफ इकलानी 4. वी जमानी 5. भमेडी 6. गाजनपुर 7. झाडबिडा 8. भडग चीखली 9. खुटवांसा 10. रतवाडा 11. सोनखेडी 12. आयपा 13. भागिया 14. भेला 15. दामडिया 16. खपरिया 17. सुरांगी	89070700/-	890707/-	20000/-	270 दिवस वर्षाऋतु सहित	–तदैव–

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि **27.07.2022 17.00 बजे तक**
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **27.07.2022 17.00 बजे तक**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि 28.07.2022 17.00 बजे तक

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड नर्मदापुरम

जी-14311/47248/2022

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारपुर जिला धार (म.प्र.)

दूरभाष - 07296-245865, ई-मेल - eephedsardha@mp.gov.in

नि.सू.क्र. 12/2022-23 सरदारपुर, दिनांक : 12.07.2022

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं ई-टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत आमंत्रित किये जाने हेतु विभागीय इंटरनेट साइट पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** विकासखंड मनावर, टचूबवेल पर आधारित ग्राम करौंदिया खुर्द में पेयजल योजना के लिए पीवीसी पाइप लाइन को बिछाना और जोड़ना, जिसमें सभी सामग्री और श्रम की लागत शामिल है, इसके बाद परीक्षण योजना के साथ 15 दिनों की पूरी योजना का सफल संचालन। आदि कार्य हेतु निर्धारित प्रक्रिया संपादित की गई है :-

सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य का विवरण	निविदा लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	ठेकेदारों की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2022_ PHED_ 211186_1	मनावर	4.46	8,920/-	2000/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	01 माह वर्षाकाल में पूर्ण कर 15 दिनों का सफल परीक्षण करने का कार्य।

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 27.07.2022 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : **27.07.2022 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 29.07.2022 11.00 बजे

नोट :- निविदा प्रपत्र सिर्फ उपरोक्त इंटरनेट साइट पर ऑनलाइन पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ट एवं आय.टी.जेड केश कार्ड के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदायें एवं अन्य विवरण उपरोक्त लिखित पोर्टल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सरदारपुर जिला-धार (म.प्र.)

जी-14310/47247/2022

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, विदिशा (म.प्र.)

Mail I.D. : eephvid@mp.nic.in, Fax No. : 07592-250663
Telephone No. : 07592-250663, VIDISHA-464001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 05/नि.प्र./लोस्वायांवि/खण्ड विदिशा 2022-23 दिनांक : 13.07.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

विदिशा जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण, सम्पवेल कम पम्प हाउस का निर्माण, पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन आदि कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 28.07.2022 को सायं 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा।
विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	ग्रामों की संख्या	अनु. लागत (PAC) (रु. में)	धरोहर राशि (EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा का आमंत्रण	ठेकेदार की श्रेणी
1.	2022_PHED_ 211332_1	08	45538915/-	455389/-	15000/-	06 माह वर्षा ऋतु सहित	द्वितीय	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार
2.	2022_PHED_ 211337_1	04	47246138/-	472461/-	15000/-	06 माह वर्षा ऋतु सहित	द्वितीय	
3.	2022_PHED_ 211340_1	05	43709082/-	437091/-	15000/-	06 माह वर्षा ऋतु सहित	द्वितीय	

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एवं कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-विदिशा (म.प्र.)

जी-14349/47249/2022

आवश्यकता

सेवासदन महाविद्यालय, बुरहानपुर (म.प्र.)

स्टेशन रोड, शनवारा, बुरहानपुर (म.प्र.) 450331

फोन : 07325-254926, ई-मेल : sevasadancollege1954@gmail.com, ssmv_burhanpurcollege@rediffmail.com
(यूजीसी U/S2 (1), म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर से सम्बद्ध)

कॉलेज कोड - 28 (17) के अंतर्गत नियुक्ति हेतु विज्ञापन

महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अपना आवेदन समस्त प्रमाण पत्रों एवं फोटो के साथ **विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अंदर** प्राचार्य, सेवासदन महाविद्यालय, शनवारा बुरहानपुर (म.प्र.) के पते पर प्रेषित करें।

क्र.	पद	विषय	पद संख्या	योग्यता
1.	सहायक प्राध्यापक	भौतिक विज्ञान	01	संबंधित विषय में स्नातकोत्तर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ समकक्ष, नेट/पीएच.डी.
2.	सहायक प्राध्यापक	रसायन विज्ञान	01	—"—
3.	सहायक प्राध्यापक	वनस्पति विज्ञान	01	—"—
4.	सहायक प्राध्यापक	जीव विज्ञान	01	—"—
5.	सहायक प्राध्यापक	गणित	01	—"—
6.	सहायक प्राध्यापक	हिन्दी	01	—"—
7.	सहायक प्राध्यापक	अंग्रेजी	01	—"—
8.	सहायक प्राध्यापक	कम्प्यूटर	01	—"—

प्राचार्य
सेवासदन महाविद्यालय, बुरहानपुर

R-47243/2022

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल

(म.प्र. विधानसभा अधिनियम 1991 के अंतर्गत स्थापित)

राजा भोज मार्ग, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) 462016, दूरभाष : 0755-2490494, 2492105, 2492272, https://mpbou.edu.in

प्रवेश सूचना 2022-23

दूरस्थ शिक्षा से संचालित मध्यप्रदेश भोज (मुक्त.) विश्वविद्यालय प्रवेश दिनांक से तीन माह तक पाठ्यक्रम शुल्क विश्वविद्यालय नियमानुसार वापस करने, अनुक्रमांक जारी होने से पूर्व तक पाठ्यक्रम/अध्ययन केन्द्र परिवर्तन की सुविधा प्रदान करने वाला प्रदेश का एकमात्र शासकीय विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए उम्र का कोई भी बंधन नहीं है। इस विश्वविद्यालय में कोविड-19 महामारी में माता पिता/अभिभावक की मृत्यु हो जाने वाले विद्यार्थियों तथा प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों को पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क माफ हैं। भोजवाणी, भोजदर्शन, फेसबुक, यू-ट्यूब, दूरदर्शन से शिक्षण कार्य की सुविधा छात्रों को उपलब्ध कराने वाले इस विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम का नाम	योग्यता	प्रदाय पाठ्य सामग्री माध्यम	शुल्क
एम.बी.ए. व्यापार प्रबंधन में स्नातकोत्तर	स्नातक	अंग्रेजी	9000
एम.बी.ए.एम.एम. व्यापार प्रबंधन एवं सामाग्री प्रबंधन में स्नातकोत्तर	स्नातक वित्त	अंग्रेजी	9000
एम.कॉम. (वित्त प्र.) वाणिज्य में स्नातकोत्तर	बी.कॉम	-	6600
एम.ए.ए.आई.सी.एच.ए. प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति, और पुरातत्व में स्नातकोत्तर	स्नातक इतिहास	हिन्दी	9000
एम.ए. हिन्दी	स्नातक	हिन्दी	6600
एम.ए. राजनीति विज्ञान	स्नातक	हिन्दी	6600
एम.ए. अर्थशास्त्र	स्नातक	हिन्दी	6600
एम.ए. समाजशास्त्र	स्नातक	हिन्दी	6600
एम.ए. इतिहास	स्नातक इतिहास	हिन्दी	6600
एम.ए. भूगोल	स्नातक भूगोल	हिन्दी	8640
एम.एस.डब्ल्यू.	स्नातक	हिन्दी/अंग्रेजी	9000
एम.एस.सी. भौतिक शास्त्र	स्नातक भौतिकशास्त्र	अंग्रेजी	9000
एम.एस.सी. रसायन शास्त्र	स्नातक रसायनशास्त्र	अंग्रेजी	9000
एम.एस.सी. गणित	स्नातक गणित	अंग्रेजी	9000
एम.एस.सी. जंतुविज्ञान	स्नातक जंतुविज्ञान	अंग्रेजी	9000
एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान	स्नातक वनस्पति विज्ञान	अंग्रेजी	9000
एम.एस.सी.आई.टी.	स्नातक आई.टी.	अंग्रेजी	9000

स्नातक पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम का नाम	योग्यता	प्रदाय पाठ्य सामग्री माध्यम	शुल्क
बी.ए. कला में स्नातक	10+2	हिन्दी/अंग्रेजी	2500
बी.एस.सी. जीव विज्ञान/गणित में स्नातक	10+2 विज्ञान/गणित	हिन्दी/अंग्रेजी	2965
बी.कॉम. वाणिज्य में स्नातक	10+2 कॉमर्स	हिन्दी/अंग्रेजी	2730
बी.एस.सी. आई.टी. तकनीकी सूचना विज्ञान में स्नातक	10+2 गणित	अंग्रेजी	9000
बी.बी.ए. व्यापार प्रबंधन में स्नातक	10+2	अंग्रेजी	9000
बी.जे. पत्रकारिता में स्नातक	स्नातक	हिन्दी	9000
बी.एल.आई.एस. लाइब्रेरी में स्नातक	स्नातक	हिन्दी	9000
डिप्लोमा कोर्स (एक वर्षीय)			
डी.बी.ए. व्यापार प्रबंधन में डिप्लोमा	स्नातक	अंग्रेजी	9000
डी.आई.एम. प्रबंधन में डिप्लोमा	स्नातक	अंग्रेजी	9000
डी.सी.ए. कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डिप्लोमा	10+2	हिन्दी	8280
डी.एन.एच.ई. पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा में डिप्लोमा	10+2 जीव विज्ञान/पोषण	-	5880
डी.आर.एम.एस.वी. रामचरित मानस से सामाजिक विकास में डिप्लोमा	स्नातक	हिन्दी	3000
प्रमाण पत्र			
सी.एच.आर. मानवाधिकार में प्रमाण पत्र	10+2	-	3312
सी.आर.डी. ग्रामीण विकास में प्रमाण पत्र	10+2	-	3312

नोटः- बी.एड., डी.एल.एड., बी.एड. (विशेष शिक्षा), आधार पाठ्यक्रम (विशेष शिक्षा) में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है। जिसकी सूचना अलग से विज्ञापित व विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड की जायेगी।

आवेदन करने की प्रक्रिया :- प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए आवेदक स्वयं **www.mpbou.edu.in** पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। असुविधा होने पर नजदीकी कियोस्क पर जाकर प्रवेश आवेदन एवं फीस जमा की जा सकती हैं। संबंधित अध्ययन केन्द्रों पर प्रवेश आवेदन मय अर्हता दायक प्रमाण पत्र की प्रतियों के साथ तीन प्रतियों में चयनित अध्ययन केन्द्रों में जमा करने के उपरांत मूल दस्तावेज अंकसूची से मिलान होने पर प्रवेश सुनिश्चित किया जायेगा। प्रवेश 15.07.22 से प्रारंभ होने जा रहे हैं।

क्षेत्रीय केन्द्रों के पते निम्नानुसार हैं :- 1. क्षेत्रीय निदेशक, राजा भोज मार्ग (कोलार रोड) भोपाल - 462016 (म.प्र.), फोन नं - 0755-2490494, 2492105, 2492272 **2.** क्षेत्रीय निदेशक, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर आई.एम.एस. भवन, खण्डवा रोड, इन्दौर - 452001 (म.प्र.) फोन नं. - 0731-2465689 **3.** क्षेत्रीय निदेशक, न्यू कलेक्ट्रेट रोड, सत्यम रेजीडेंसी टॉवर के पास, प्राइम हॉस्पिटल वाली गली, कैलाश नगर, ग्वालियर - 474006 (म.प्र.) फोन नं. - 0751-2345559 **4.** क्षेत्रीय निदेशक, 1047 नेपीयर टाऊन चौथे पुल के पास, जबलपुर - 482001 (म.प्र.) फोन नं. - 9893151661, 9893523754 **5.** क्षेत्रीय निदेशक, शासकीय सदाशिव माधवराव गोलवलकर महाविद्यालय परिसर, सिविल लाईन, रीवा - 486001 (म.प्र.) फोन नं. - 07662-297210, 9425361881 **6.** क्षेत्रीय निदेशक, राजा भोज परिसर पॉलिटेक्निक कॉलेज के आगे नीमी रोड बदखर जिला सतना - 485005 (म.प्र.) फोन नं.-07672-299140 **7.** क्षेत्रीय निदेशक, विश्वविद्यालय क्वाटर क्रमांक - 5, स्वर्ण जयन्ती हॉल के पीछे नेपाल पैलेस, सागर- 470001 (म.प्र) फोन नं. - 07582-264130 **8.** क्षेत्रीय निदेशक, विशाला विकास खण्ड ''स-भवन प्रथम तल, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय परिसर भरतपुरी, उज्जैन - 456010 (म.प्र) फोन नं. - 0734-2526993 **9.** क्षेत्रीय निदेशक, शासकीय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, छिंदवाड़ा-480001 (म.प्र.) फोन नं. - 07162-243716 **10.** क्षेत्रीय निदेशक, शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर, होशंगाबाद - 461001 (म.प्र.) फोन नं. - 07574-254096 **11.** उपक्षेत्रीय निदेशक, शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) - 451551 फोन नं. - 07290-222099, 9424056933

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट - **www.mpbou.edu.in**

म.प्र. माध्यम/105468/R-47254/2022 **कुलसचिव**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)

Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P. 462 011

(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER EL-62

No./9672/22/D-12/MPRRDA/2022 Bhopal, Dated : 14.07.2022

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.**

Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Betul	1	1071168.00
2.	Chhindwara	2	3977254.00
3.	Datia	1	1566952.00
4.	Guna	1	2314458.00
5.	Harda	3	11179247.00
6.	Indore	2	3852547.00
7.	Katni	1	4111120.00
8.	Rajgarh	3	8801082.00
9.	Seoni	1	5634913.00
10.	Shajapur	3	708134.00
11.	Sagar	1	498224.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **20.07.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/105461/47253/2022 **(TENDER)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक - 03, गोरखपुर

थाने के पीछे 1558 ऋषि काटेज, रतन कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.)

पिनकोड-482003, फोन नं. : 0761-4927003

Email : mpphcjabalpur3@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-03 के अंतर्गत जिला - नरसिंहपुर में सिविल अस्पताल परिसर, गाडरवारा में 02 एफ, 04 जी एवं 04 एच टाइप आवासीय भवनों के अपूर्ण निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक- 03/2022-23 (Online Tender No.-2022_MPPHC_211147_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.07.2022 समय सायं 17:00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं सब्मिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/105432/47252/2022 **परियोजना यंत्री**

उज्जैन के माधव विज्ञान महाविद्यालय को मिला नैक से सर्वोच्च ए++ ग्रेड

उज्जैन, उज्जैन का माधव विज्ञान महाविद्यालय प्रदेश में नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिएशन काउंसिल (नैक) में उच्चतम ग्रेड ए++ अंक प्राप्त करने वाला देश का पहला शासकीय महाविद्यालय बन गया है। सम्पूर्ण राष्ट्र में मात्र 28 महाविद्यालय इस श्रेणी में हैं इसमें माधव विज्ञान महाविद्यालय एक मात्र शासकीय महाविद्यालय है। शेष सभी निजी महाविद्यालय हैं। माधव विज्ञान महाविद्यालय को 3.58 सीजीपीए प्राप्त हुआ है, जो अब तक प्रदेश में किसी भी शासकीय महाविद्यालय को प्राप्त हुए अंकों में उच्चतम है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय ने इस बार भी नैक से सर्वोच्च ए++ ग्रेड हासिल कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि नैक द्वारा पूर्व में महाविद्यालय की ग्रेडिंग गलत की गई थी। नैक द्वारा महाविद्यालय के पीएच.डी. होल्डर प्रोफेसर्स और गेस्ट फैकल्टी की गिनती गलत की थी। महाविद्यालय द्वारा अपील की गई, जिसके परीक्षण के बाद महाविद्यालय को नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्रदान किया गया है।

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

(म.प्र. विधानसभा अधिनियम 1991 के अंतर्गत स्थापित)

राजा भोजमार्ग, चूना भट्टी, कोलार रोड, भोपाल

दूरभाष : 0755-2492093, 2424660, mpbou.edu.in

अधिसूचना
छठवां दीक्षांत समारोह दिनांक 10 अगस्त, 2022

म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल का छठवां दीक्षांत समारोह **दिनांक 10 अगस्त, 2022 को प्रातः 10:00 बजे मिंटो हाल (पुरानी विधानसभा) भोपाल** में आयोजित किया जा रहा है। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2018, 2019, 2020, 2021 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को नियमानुसार उपाधि प्रदान की जावेगी। अतः उक्त वर्ष के उत्तीर्ण छात्र/छात्राएं जिन्होंने पूर्व में डिग्री प्राप्त नहीं की है एवं दीक्षांत समारोह में उपस्थित होकर उपाधि से विभूषित होना चाहते हैं वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र में शुल्क रुपये 250/- एवं उत्तीर्ण पाठ्यक्रम के अन्तिम वर्ष की अंकसूची की छाया प्रति के साथ एम.पी. ऑनलाइन **(www.mponline.gov.in)** के माध्यम से **30 जुलाई, 2022 तक** आवेदन करें जो विद्यार्थी उपाधि के लिए आवेदन कर चुके हैं परन्तु अभी तक उपाधि प्राप्त नहीं हुई है वह भी ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। दिनांक 9 अगस्त, 2022 को 11:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर में अभ्यास (रिहर्सल परेड) आयोजित की जावेगी जिसमें प्रत्येक आवेदनकर्ता की उपस्थिति अनिवार्य है। दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी **दिनांक 10 अगस्त, 2022 को प्रातः 9:00 बजे** आवश्यक रूप से (फोटो आईडी) परिचय पत्र के साथ उपस्थित हों। दीक्षांत समारोह में सहभागिता हेतु ड्रेस कोड आवश्यक है। जिसका विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.bhojvirtualuniversity.com** पर देखा जा सकता है।

संपर्क : 1. डॉ. एल.पी. झारिया, प्रभारी दीक्षांत 2022, मो. 9425875442
2. डॉ. ए.जेड. खान, 9826264662
3. डॉ. राजेश सक्सेना, 9827736834

म.प्र. माध्यम/105478/R-47255/2022 **कुलसचिव**

उपभोक्ता क्यूआर कोड लगाने के लिए बिजली कंपनी कार्मिकों को परिसर में प्रवेश करने दें

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने परिसर में स्थापित मीटर पर क्यूआर कोड लगाने के लिए बिजली कंपनी के कार्मिकों को प्रवेश करने दें। कंपनी ने आग्रह किया है कि ऐसे उपभोक्ता, जिनके मीटर परिसर के अंदर स्थापित हैं, बिजली कंपनी के अधिकृत कार्मिक अथवा आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को मीटर में क्यूआर कोड लगाने के लिए अपने परिसर में प्रवेश करने दें। उपभोक्ता कार्मिकों से परिचय-पत्र देखने की मांग कर सकते हैं। कंपनी ने अपील की है कि उपभोक्ता अपने परिसर में स्थापित मीटरों में मोबाइल नंबर एवं क्यूआर कोड लगाने के लिए बिजली कंपनी के कार्मिकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

CORRIGENDUM

In continuation to previous advertisement for the post of **Director** in **Jan Shikshan Sansthan, Indore** dated **1-11-2021.** The qualification & experience are revised in the corrigendum received from Govt. of India on 3-3-2022. For more details, term & condition please visit **JSS Office, 47/7, Nanda Nagar, Indore Phone: 0731-4007418.** Apply within 30 days from date of Advertisement. The decision of the Board of Management will be abided by all.

Chairman, JSS Indore

deepak

R-47250/2022

यूथ महापंचायत में निर्मित किया जायेगा यूथ रिजोल्यूशन का प्रारूप

भोपाल, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भोपाल में 23-24 जुलाई को होने वाली यूथ महापंचायत की तैयारियों की समीक्षा हुई। श्री सिंह ने बताया कि इस राज्य स्तरीय महापंचायत में चयनित विषयों पर विचार-मंथन के लिए 6 समानांतर सत्र होंगे। अंत में सभी विषयगत सत्रों से प्राप्त निष्कर्षों और सुझावों को शामिल कर रिजोल्यूशन का प्रारूप बनाया जायेगा।

जिला स्तरीय यूथ पंचायत 18 जुलाई को

एसीएस ने बताया कि स्वाधीनता के अमृत वर्ष पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री चंद्रशेखर आजाद की 116वीं जन्म जयंती पर युवाओं में नेतृत्व का विकास करने की दिशा में 18 जुलाई को जिला स्तर पर यूथ-पंचायत होगी। यूथ पंचायत के लिए ऑनलाइन पंजीकरण से जिला स्तर पर सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को प्राथमिक स्क्रीनिंग के लिए चयनित कॉलेज और यूनिवर्सिटी में आमंत्रित किया जायेगा। स्क्रीनिंग द्वारा चयनित प्रतिभागियों को यूथ-पंचायत के लिए जिले के निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित प्रतिभागी अपनी पात्रता का सत्यापन कराने के बाद ग्रुप डिस्कशन करेंगे। चयन समिति द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनकी दक्षता, आचरण, विषय का ज्ञान, विपक्ष के मतों के प्रति धैर्य, विचारों की स्पष्टता और काउंटर पॉइन्ट रखने की क्षमता के प्रदर्शन के आधार पर किया जायेगा। प्रत्येक समूह से आए एक अथवा दो प्रतिभागियों को फाइनल राउंड के ग्रुप डिस्कशन के बाद उत्कृष्ट 6-8 प्रतिभागियों का चयन भोपाल में होने वाली यूथ महापंचायत के लिए किया जायेगा, जहाँ वे राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्रीमती दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने बताया कि अगली कड़ी में 21-22 जुलाई को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद श्री चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली भाभरा से भोपाल तक बाइक रैली होगी। रैली द्वारा उनके जन्मस्थल की मिट्टी से भरे कलश को भोपाल के शौर्य स्मारक में स्थापित किया जायेगा। अमर शहीद श्री चंद्रशेखर आजाद की 116वीं जयंती पर 23 जुलाई को कलश स्थापना समारोह होगा।

आयुक्त उच्च शिक्षा श्री दीपक सिंह ने विभिन्न जिलों के अधिकारियों से जिला स्तर पर होने वाली यूथ पंचायत की तैयारियों की जानकारी ली।

'हर घर तिरंगा' अभियान में घर-घर लहराएगा तिरंगा

भोपाल, 'आजादी के अमृत महोत्सव' में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के 'हर घर तिरंगा' अभियान में प्रदेश के हर घर में स्वेच्छा से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रमुख सचिव संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता लाकर देशभक्ति की भावना जागृत करना और अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को स्वयं क्रय कर फहराने के लिए प्रेरित करना है। भारतीय ध्वज संहिता का पालन करते हुए सभी को अपने घर, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों आदि पर स्वेच्छा से तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

जागरूकता के साथ जनभागीदारी

प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि जिला और ग्राम स्तर तक अभियान के प्रति नागरिकों में जागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जिलों में स्व-सहायता समूह, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योग, दर्जियों और गैर सरकारी संगठन का सहयोग लिया जाएगा। जन अभियान परिषद और स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से राष्ट्रीय ध्वज के गौरव और उसे फहराने की गरिमा के भाव को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। 'इच वन गिफ्ट वन' अभियान से भी अधिकाधिक लोगों को प्रेरित कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का वितरण किया जाएगा।

जनजातीय कला और शिल्पकारों के उत्साहवर्धन में सहयोग करें विश्वविद्यालय

जनजातीय संस्कृति और कला का संरक्षण भारतीयता की मौलिकता का संरक्षण

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल भोपाल में जनजातीय कला एवं संस्कृति के प्रोत्साहन के लिये आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुये।

भोपाल, जनजातीय संस्कृति और कला का संरक्षण भारतीयता की मौलिकता का संरक्षण है। इनके उत्पादों के संरक्षण के प्रयासों में सहयोग के लिए समाज आगे आये। कला की रचना दिल, दिमाग और हाथ के समन्वय का अद्भुत संयोग होती है। यह प्रकृति की अद्भुत देन है। वंचित वर्गों को मिली प्रकृति की अद्भुत कला रूपी देन के संरक्षण के प्रयास व्यापक स्तर पर किए जाने चाहिए। इसका संरक्षण और उत्साहवर्धन करना हम सबका कर्तव्य है। विश्वविद्यालय जनजातीय शिल्प और कला के उत्पादों का क्रय कर कलाकारों के उत्साहवर्धन में सहयोग करें। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में जनजातीय कला एवं संस्कृति के प्रोत्साहन के लिए हुई कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं। राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय समाज की महानता, यथार्थता, शाश्वत मूल्यों और मौलिक सादगी से निर्देशित होना है। जनजातीय समाज अपने मौलिक कौशल, स्वाभाविक सादगी, बोली, वेशभूषा और परंपरा में समय अनुकूल रंग भरते हुए, लोक-संस्कृति को बचाए रखने के लिए बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के पास समूह में जीने की कला, पारंपरिक चिकित्सा, औषधीय ज्ञान और जड़ी-बूटियों का अद्भुत खजाना है। सदी की सबसे बड़ी आपदा कोविड ने जीवन की इसी कला की महत्ता को स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि गिलोय और जड़ी-बूटियों के खजाने से बने काढ़े ने आपदा के समय जीवन रक्षा में बहुत योगदान दिया है। इसी प्रसंग में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने वैक्सीनेशन और जन-मानस में रोग की रोकथाम के उपायों का नेतृत्व कर देश की आबादी के बहुत बड़े हिस्से की जीवन रक्षा की है। राज्यपाल ने कार्यशाला की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के संवाहक जनजातीय समुदाय की कला, कौशल और ज्ञान संरक्षण द्वारा राष्ट्र की पहचान और विशिष्टताओं को मज़बूती देने की पहल सराहनीय है।

पद्मश्री श्रीमती भूरी बाई का सम्मान

राज्यपाल ने पद्मश्री श्रीमती भूरी बाई का सम्मान किया। उनकी जीवन यात्रा, कला साधना, समर्पण और एकाग्रता से प्रेरणा लेने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के पास जीवटता और आनंद के अद्भुत संयोग के साथ जीवन जीने की कला का उदाहरण श्रीमती भूरी बाई हैं। मजदूर से महान कलाकार बनने के बाद भी श्रीमती भूरी बाई अपनी संस्कृति के साथ आज भी जुड़ी हुई हैं।

जनजातीय कलाकारों से की चर्चा

श्री पटेल ने कार्यशाला में भील, गोंड एवं अन्य जनजातीय संस्कृति के चित्रकारों से चर्चा की और उनकी कलाकृतियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर, उनका उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने बांस के शिल्पकारों के उत्पादों का अवलोकन किया। शिल्पकारों से उत्पाद के निर्माण और विपणन संबंधी जानकारियां प्राप्त कीं।

सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुति

कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को गीत और नृत्यों से प्रस्तुत किया गया। रविना टांट्या और उनके दल ने फसल कटाई पर प्रकृति के प्रति आभार प्रदर्शन के गोंडीय नृत्य का मनोहारी प्रदर्शन किया।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.जे. राव ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विगत एक वर्ष में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में विशद कार्य किए गए हैं। जनजातीय शोध पीठ में जनजातीय अनुसंधान प्रयासों के फलस्वरूप सामाजिक विद्या विभाग को प्रदेश सरकार ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में मान्यता दी है।

जीवन अनमोल, आपदा में सुरक्षा में नहीं छोड़ें कोई कसर - गृह मंत्री

भोपाल, जीवन अनमोल है आपदा की स्थिति में जीवन सुरक्षा के लिये हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ें। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स और होमगार्ड के प्रबंधन कार्यों की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में पूरा सिस्टम बेहतर तरीके से कार्य करना सुनिश्चित करे। लोगों को सही समय पर तत्परता से आवश्यक मदद मिले। आधुनिक टेक्नोलॉजी का अधिकतम उपयोग आपात स्थिति में लोगों की जान-माल की सुरक्षा में करें।

गृह मंत्री डॉ. मिश्रा को अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा ने होमगार्ड मुख्यालय में स्टेट कमांड सेंटर के अवलोकन के दौरान सेन्टर गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि डिजास्टर वॉर्निंग एण्ड रिस्पॉन्स सिस्टम एप के द्वारा प्रदेश में आपदा की स्थिति में जानकारी तत्परता से संकलित की जाकर बेहतर तरीके से राहत के इंतजाम किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में डैम की निगरानी के लिये डैम ऑब्जर्वेशन पोस्ट का गठन किया गया है।

महानिदेशक होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन सेवाएं श्री पवन कुमार जैन ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों के

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स और होमगार्ड के प्रबंधन कार्य की समीक्षा करते हुये।

आपदा संभावित क्षेत्रों की संवेदनशीलता को देखते हुए 280 डिजास्टर रिस्पॉन्स सेन्टर का गठन किया गया है। सभी जिला होमगार्ड मुख्यालयों सहित प्रदेश में कुल 96 क्विक रिस्पॉन्स टीम गठित की गई हैं। इसके अतिरिक्त 19 रिजर्व टीमें भी रखी गई हैं। इनमें जबलपुर और भोपाल में 5-5, इंदौर, ग्वालियर में 2-2, उज्जैन, रीवा, सागर, शहडोल और नर्मदापुरम में एक-एक रिजर्व टीम रखी गई है। सभी जिला मुख्यालयों पर इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर स्थापित भी किये गये हैं।

बाढ़ और बचाव के लिये 276 रेस्क्यू बोट, 98 इंफ्लाटेबल रबर बोट, 231 आउट बोट मोटर 3218 लाइफ बॉय रिंग और 6130 लाइफ जैकेट का बंदोबस्त किया गया है। संभागीय एवं जिला स्तर पर ड्रोन सेवा प्रदाता एजेंसियों से ड्रोन की सेवाएं लेने के निर्देश दिये गये हैं।

राज्य स्तरीय आपदा नियंत्रण कक्ष

आपदाओं से निपटने के लिये राज्य स्तरीय आपदा नियंत्रण कक्ष में 8-8 घंटों की 3 शिफ्ट में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश स्तर से दो टोल फ्री नंबर 1070 और 1079 जारी किये गये हैं, जिन पर आपदा की स्थिति में सूचना दी जा सकती है।

नवगठित नगर परिषदों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण

भोपाल, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नवगठित नगरपालिका परिषद मलाजखंड, (जिला बालाघाट) एवं नव गठित नगर परिषद, अमलाई (जिला-अनूपपुर), देवरी (जिला-रायसेन), सरई एवं बरगवां (जिला-सिंगरौली), कर्रापुर (जिला-सागर) और पुनासा (जिला-खण्डवा) की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण - 2022 का कार्य 15 जुलाई से 4 अगस्त तक किया जाना है।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने बालाघाट, खण्डवा, अनूपपुर, सिंगरौली, सागर एवं रायसेन के कलेक्टर्स को इस संबंध में निर्देश दिये हैं।

नवगठित नगरपालिका परिषद मलाजखंड एवं 6 नगर परिषदों में निर्वाचन के लिये 1 जनवरी 2022 की संदर्भ तारीख के आधार पर मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्य 4 अगस्त तक पूर्ण होगा। आयोग द्वारा इस संबंध में कार्यक्रम जारी किया गया है।

आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार 15 जुलाई को कंट्रोल टेबल तैयार कर मतदान केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा। मतदान केंद्रों की ईआरएसएस में प्रविष्टि कर वार्डों से लिंक करने का कार्य एवं कंट्रोल टेबल के अनुसार मतदाता को वार्डों में शिफ्ट करने का कार्य 16 जुलाई को, वार्डों में शिफ्ट किये गये मतदाताओं की चेकलिस्ट की जाँच एवं एकीकरण कर प्रारूप मतदाता सूची की फोटोरहित एवं फोटो सहित पी.डी.एफ. तैयार कर डुप्लीकेट सूची उपलब्ध कराने का कार्य 18 जुलाई को, फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगरपालिका वार्ड एवं अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन एवं राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराने का कार्य तथा प्रमाण-पत्र स्केन कर अपलोड करने का कार्य 19 जुलाई को होगा। दावे-आपत्ति 19 से 26 जुलाई तक अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किये जाएंगे। दावे- आपत्ति पत्रों का निराकरण 30 जुलाई को किया आएगा। निराकृत दावा-आपत्ति आवेदन-पत्रों की ईआरएमएस में प्रविष्टि एक अगस्त तक की जाएगी।

फोटोयुक्त और फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची को जनरेट करने का कार्य, फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड करना एवं फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची को मुद्रित कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 3 अगस्त को उपलब्ध कराया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगरपालिका वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन एवं राजनीतिक दलों को 4 अगस्त को उपलब्ध कराया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सेवा भावना के साथ कर्तव्य पालन ही मानवता की सेवा - राज्यपाल

शिक्षक और विद्यार्थी सिकल सेल रोग के जन-जागरण प्रयासों में करें सहयोग

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल भोपाल में सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन एवं रोकथाम से संबंधित कार्यशाला का शुभारंभ करते हुये।

भोपाल, सेवा भावना के साथ कर्तव्य पालन ही मानवता की सेवा है। कुदरत ने मानव को वाणी और बुद्धि की विशिष्ट शक्तियां दी हैं, जिससे वह दूसरों की मदद कर सके। हम जो भी कार्य कर रहे हैं वह हमारा कर्तव्य है। यह कार्य हम सेवा-भाव के साथ करेंगे तो ईश्वर के आशीर्वाद के भागीदार होंगे। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भोपाल स्थित राजभवन के सांदीपनि सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन एवं रोकथाम उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं।

राज्यपाल ने कार्यशाला में अपेक्षा से अधिक व्यक्तियों के उपस्थित होने पर हर्ष व्यक्त किया। मानवता की सेवा के संकल्प प्रसंग में उनकी सहभागिता के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रथम नागरिक के रूप में आमजन की अपेक्षाओं और पदीय कर्तव्यों के पालन के लिए वह अपनी पूरी क्षमता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं। वंचित और पहुंच विहीन क्षेत्रों और वर्गों के कल्याण के प्रयासों में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के भाव और भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोविड आपदा और निर्वाचन के दृष्टिगत ढाई माह भ्रमण का अवसर नहीं मिल पाने के बावजूद उन्होंने प्रदेश के अधिकांश जिलों का भ्रमण किया है।

राज्यपाल ने सिकल सेल एनीमिया के रोकथाम प्रयासों में विश्वविद्यालयों को सक्रिय सहभागिता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रोग के संबंध में जन-जागरण प्रयासों में शिक्षक और विद्यार्थी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपतियों को जन-जागृति प्रयासों का नेतृत्व करते हुए, पांच-पांच गांव गोद लेने, गांवों का भ्रमण करने और अन्य महाविद्यालयों को भी जन-जागरण कार्य में सहयोग के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सिकल सेल की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग, जांच तथा प्रभावी उपचार, स्वास्थ्य, विवाह और पुनर्वास सेवाओं के संबंध में जनजातीय समुदाय में जागृति के प्रसार की जरूरत है। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में स्क्रीनिंग, गर्भावस्था में जांच, काउंसलिंग की जरूरत पर प्रकाश डाला। प्रसव के बाद 72 घंटों के भीतर नवजात की जांच हो जाने पर शारीरिक विकृतियों के नियंत्रण हो सकने संबंधी जानकारियां देते हुए शिक्षित विद्यार्थियों से जनजातीय समाज को रोग के संबंध में सजग बनाने के प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जनजातीय विद्यार्थियों को भी रोग उपचार, नियंत्रण संबंधी प्रयासों से अवगत करा कर, ग्राम भ्रमण में शामिल करें। सहज और सरल भाषा में जनजातीय समुदाय के साथ संवाद करने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करें। उन्होंने क्षय रोग को वर्ष 2024 तक समाप्त करने के संकल्प में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की सहायता करने और पूर्व राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के इस दिशा में प्रयासों को और अधिक गति देने पर बल दिया।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि श्री पटेल ने प्रदेश में जनजातीय समुदाय के विकास प्रयासों और सिकल सेल एनीमिया रोग उपचार प्रबंधन में समाज एवं सरकार का प्रभावी नेतृत्व किया है। पूरे प्रदेश का भ्रमण कर समाज की अंतिम कड़ी के साथ संवाद किया है। उनके विकास के प्रयासों में योगदान किया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी 89 जनजाति बहुल विकासखण्ड में सिकल सेल एनीमिया उपचार प्रबंधन का कार्य मिशन मोड में किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान के साथ स्वास्थ्य कर्मियों, ए.एन.एम., सी.एच.ओ. और आशा कार्यकर्ता के प्रशिक्षण का अनुबंध किया है। उन्होंने बताया कि पायलट जिले झाबुआ और अलीराजपुर में लक्षित वर्ग की 5 लाख 60 हजार आबादी की जाँच का कार्य पूरा हो गया है।

अशोक स्तंभ के अनावरण से मिलेगी राष्ट्रहित की प्रेरणा - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्माणाधीन नवीन संसद भवन सेंट्रल विस्टा के शिखर पर आरोहित कांस्य अशोक स्तंभ के अनावरण पर राष्ट्रवासियों को बधाई दी है।

श्री चौहान ने कहा कि लगभग 10 हजार किलोग्राम वजनी और साढ़े छह मीटर ऊंचा यह राष्ट्रीय स्तंभ राष्ट्रवासियों को राष्ट्र हित के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देगा। यह राष्ट्रीय गर्व और उत्कर्ष का प्रतीक स्तंभ है।

राज्य स्तरीय यूथ महापंचायत से अधिकाधिक संख्या में जुड़ें युवा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के युवाओं से महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 116वीं जयंती पर आगामी 23-24 जुलाई को भोपाल में होने वाली राज्य स्तरीय यूथ महापंचायत में अधिकाधिक संख्या में जुड़कर अपने अभिनव विचारों से आत्मनिर्भर और स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यूथ महापंचायत का उद्देश्य युवाओं को आदर्श युवा बनाना है। अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की 116वीं जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित इस महापंचायत में प्रदेश के सभी जिलों में होने वाली यूथ पंचायत से चयनित आदर्श युवा और उनके प्रेरक शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूथ महापंचायत का उद्देश्य शहीद चंद्रशेखर आजाद की विरासत को आगे बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश के उत्साही युवाओं को साथ लाकर एक मंच प्रदान करना है, ताकि वे राज्य, देश और दुनिया की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों की पहचान कर हरसंभव समाधान सुझाएं।

प्रदेश के प्रत्येक जिले से चुने गए आदर्श युवा प्रतिनिधियों और उनके संरक्षकों के पारस्परिक संवाद के इस दो दिवसीय आयोजन के द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के विजन में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही युवाओं में नेतृत्व कौशल भी विकसित किया जाएगा।

मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी का नवाचार

प्रदेश में पहली बार पाइल फाउंडेशन पर बने टावर्स से हुई विद्युत आपूर्ति

भोपाल, मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने प्रदेश में पहली बार अपने ट्रांसमिशन नेटवर्क के विस्तार में पाइल फाउंडेशन पर अति उच्च दाब टावरों का निर्माण किया है। लगभग 31 करोड़ की लागत से कंपनी ने 132 किलोवॉट बुधनी मोहासा (बावई) डीसीडीएस (डबल सर्किट डबल स्ट्रिंगिंग) लाइन के 2.5 किलोमीटर लंबाई के बीच में चार टावरों के निर्माण में तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग किया है।

यह टावर मोहासा ग्राम के पास से गुजरने वाली तवा नदी में निर्मित किए गए हैं। कुल 32.9 किलोमीटर की ये लाइन गत दिवस ऊर्जीकृत की गई।

कंपनी के सामने पूर्व में भी नदी, तालाब, नाले आदि क्रॉस करवा कर अति उच्च दाब लाइनों का निर्माण हमेशा से चुनौतिपूर्ण रहा है। प्रायः नदी के दोनों छोर पर लंबे स्पान के साथ इनका निर्माण किया जाता था। इससे निर्माण के साथ रख-रखाव में भी दिक्कत आती थी। इस नई तकनीक को अपनाने से अब नदी के अंदर ही पाइल फाउंडेशन बनाकर इन टावर्स का निर्माण किया गया है।

कंपनी के योजना एवं रूपांकन संकाय के मुख्य अभियंता इंजीनियर संजय कुलश्रेष्ठ ने बताया कि कंपनी द्वारा पहली बार उपयोग में लाई जा रही यह तकनीक ट्रांसमिशन लाइन निर्माण के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसके लिए कंपनी ने विशेष डिजाइन के फाउंडेशन तैयार करवाये हैं। यह तकनीक जलमग्न और असमान भौगोलिक परिस्थिति वाले क्षेत्र में निर्माण कार्य को काफी लचीलापन प्रदान करते हैं, जिससे लाइनों के निर्माण में आवश्यकतानुसार परिवर्तन और रख-रखाव में आसानी रहती है।

नशामुक्त भारत अभियान जिलों में मुहिम तेज

भोपाल, राज्य शासन ने 'नशामुक्त भारत अभियान' में शामिल प्रदेश के 15 जिलों में गतिविधियां तेज कर राष्ट्रीय एप NMBA में प्रविष्टि करने के निर्देश दिये हैं, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर इनका सतत मूल्यांकन हो सके। मध्यप्रदेश अभियान में अग्रणी राज्यों में शामिल है। केंद्र शासन द्वारा अगस्त माह में 'आजादी के अमृत महोत्सव' में 'नशामुक्त भारत अभियान' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 3 राज्य और जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा।

अभियान की सफलता को देखते हुए केंद्र शासन ने 'नशामुक्त भारत अभियान-2.0' भी शुरू करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में अभियान में देश के नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता की आवश्यकता वाले 272 जिले शामिल हैं। दूसरे चरण में 100 अन्य जिलों को शामिल किया जाएगा। मध्यप्रदेश से अभियान में 15 जिले शामिल हैं और दूसरे चरण के लिये जिलों का नाम मांगा गया है।

सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा गत माह 14 से 30 जून तक हुए पखवाड़े में जबलपुर जिले में 23 हजार 321 और दतिया में 20 हजार 765 गतिविधियों की प्रविष्टि को काफी सराहना मिली। अभियान में शामिल प्रदेश के 15 जिलों- सागर, इंदौर, नर्मदापुरम, मंदसौर, सतना, ग्वालियर, भोपाल, उज्जैन, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, नीमच, रतलाम, जबलपुर, रीवा और दतिया के कलेक्टर से कहा गया है कि शेष जुलाई माह में सभी विभागों के सहयोग से नशा विरोधी जन-जागरूकता गतिविधियाँ करें। 'नशामुक्त भारत अभियान' (NMBA) मोबाइल एप पर रियल टाइम पर जिले तथा मास्टर वॉलेंटियर्स द्वारा गतिविधियों की प्रविष्टियां की जाएं।

'आजादी के अमृत महोत्सव' में जिले के 75 महत्वपूर्ण स्थलों पर एक साथ 'नशामुक्त भारत अभियान' की अति-महत्वपूर्ण विविध गतिविधियों को विभागों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से सम्पन्न कर एप पर प्रविष्टियां दर्ज कराएं। जुलाई माह के अति-महत्वपूर्ण 'ऐतिहासिक दिवस'- 'तिरंगा दिवस', स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चन्द्रशेखर आजाद की जयंती, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्य-तिथि आदि पर सामूहिक कार्यक्रम किए जाएं।

नवीन दूरस्थ अध्ययन केंद्रों को बहु उपयोगी और परिणाममूलक बनाएं

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 6 शासकीय विश्वविद्यालयों में स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर की सतत मॉनीटरिंग की जाए तथा इनके माध्यम से अधिकाधिक स्टार्टअप्स को लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि नवीन दूरस्थ अध्ययन केंद्रों को बहुपयोगी और परिणाममूलक बनाया जाए।

उच्च शिक्षा मंत्री ने पूर्व विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्रगति से जोड़ने के लिए एल्युमिनी मीट में आमंत्रित करने की बात कही। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री शैलेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग के अंतर्गत 6 विश्वविद्यालय अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर 52 स्टार्टअप्स चिन्हित हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में विभागीय समीक्षा करते हुये।

आयुक्त उच्च शिक्षा श्री दीपक सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को स्व-रोज़गार से जोड़ने के उद्देश्य से तथा स्थानीय उद्योगों को दृष्टिगत रखते हुए विभाग द्वारा 5 नए पाठ्यक्रम का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि सत्र 2021-22 के लिए प्रदेश के 346 शासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत 76 हज़ार 518 विद्यार्थियों ने जैविक खेती एवं 196 शासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत 14 हजार 745 विद्यार्थी ने वागवानी पाठ्यक्रम का चयन किया है। श्री सिंह ने बताया कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में प्रथम चरण (2021) में नैक प्रत्यायन के लिए 56 महाविद्यालय तथा द्वितीय चरण (2022) में 120 महाविद्यालय को चयनित किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कोविड से बचाव के लिए निःशुल्क बूस्टर डोज व्यवस्था का निर्णय प्रशंसनीय

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोविड से बचाव के लिए निःशुल्क बूस्टर डोज व्यवस्था के निर्णय को प्रशंसनीय बताया है। मुख्यमंत्री ने कोविड-19 के विरुद्ध बूस्टर डोज निःशुल्क लगाए जाने के महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है।

श्री चौहान ने कहा कि इस जनहितकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री अभिनंदन के पात्र हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 18 साल के ऊपर के नागरिकों को अगले 75 दिन के लिए कोविड-19 से बचाव के लिये लगाए जाने वाले बूस्टर डोज को फ्री किया गया है। यह व्यवस्था 15 जुलाई से प्रभावशील होगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा बूस्टर डोज की 9 माह की अवधि को 6 माह करने का भी हाल ही में निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सदैव राष्ट्रवासियों के कल्याण के लिए समर्पित हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कोविड-19 के विरुद्ध नागरिकों की सुरक्षा के लिए वैक्सीन की प्रथम और द्वितीय डोज भी निःशुल्क लगवाने का निर्णय लिया था। इसके पहले उन्होंने कोविड से संबंधित उपचार और अन्य व्यवस्थाओं के लिए राज्यों को समुचित सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया। उल्लेखनीय यह भी रहा कि कोविड के प्रभाव के गत ढाई वर्षों में प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्र के नागरिकों का मनोबल बनाए रखने का कार्य भी किया है। हाल ही में लिए गए केंद्रीय कैबिनेट के फैसले का लाभ मिलने से कोरोना महामारी की तनिक भी आशंका शेष नहीं रहेगी। सभी नागरिक पूरी सुरक्षा का अनुभव करेंगे।

ऑनलाइन आरटीई लॉटरी में बच्चों को मिले मनचाहे स्कूल

भोपाल, आरटीई के तहत निजी विद्यालयों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में वंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस. और मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक श्री अभिषेक अग्रवाल ने खोली। राज्य शिक्षा केंद्र में हुई इस प्रक्रिया का सीधा प्रसारण केंद्र के यूट्यूब चैनल पर किया गया।

श्री धनराजू ने कहा कि ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम में कोविड-19 के कारण ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता अथवा अभिभावक का निधन हुआ है, उन बच्चों को सीट आवंटन में प्राथमिकता दी गई है। देश में आरटीई में ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम अपनाने वाला मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। इस पारदर्शी व्यवस्था से अभिभावकों को उनके क्षेत्र के स्कूल और उनमें उपलब्ध सीटों की जानकारी के साथ ऑनलाइन प्रक्रिया से उनके बच्चों को स्कूल में सीट आवंटित हो जाएगी।

आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए पारदर्शी और तकनीक आधारित व्यवस्था अपनाई गई है। इस वर्ष 2 लाख 1 हजार 304 बच्चों के ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। लॉटरी के लिए दस्तावेज सत्यापन के बाद 1 लाख 71 हजार 921 बच्चे पात्र पाये गये। इसमें 89 हजार 702 बालक एवं 82 हजार 219 बालिकाएं हैं, जिन्हें आज ऑनलाइन लॉटरी में शामिल करते हुये रैंडम पद्धति से स्कूल का आवंटन कर उन्हें एसएमएस से सूचना भी दी जा रही है। पात्र बच्चे आवंटित स्कूलों में 15 से 23 जुलाई तक प्रवेश ले सकेंगे। इन बच्चों की फीस राज्य सरकार द्वारा नियमानुसार संबंधित स्कूल के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की जाएगी।

मानव अधिकार आयोग राष्ट्रीय सेमीनार

बुजुर्गों के अधिकार संरक्षण में सामाजिक वातावरण महत्वपूर्ण

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल को राज्य मानव अधिकार आयोग द्वारा प्रकाशित पुस्तक की प्रति भेंट की गई।

भोपाल, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने वृद्धजनों के अधिकारों के संरक्षण के लिए सामाजिक वातावरण निर्माण पर बल दिया है। युवाओं की सोच का दिशा-दर्शन और भावी पीढ़ी को संस्कारित करने की जरूरत बताई है। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेजों में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संबंध में वैचारिक चिंतन किया जाना चाहिए। उन्होंने बुजुर्गों के सुखद भविष्य के लिए सरकार के साथ समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के समन्वित प्रयासों की पहल की आवश्यकता बताई। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में प्रदेश और राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार को संबोधित किया।

राज्यपाल ने वर्तमान परिदृश्य में युवा पीढ़ी और वृद्धजनों के मध्य आत्मीय भाव में हो रही कमी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वृद्धजन अधिकार संरक्षण और जन-जागरण के प्रयासों को ग्रामीण एवं वंचित वर्गों तक पहुंचाने के प्रयास जरूरी है। राज्यपाल ने सामाजिक वातावरण निर्माण के लिए वर्तमान और भावी बुजुर्गों को एकजुट होकर संस्थागत स्वरूप में स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से प्रयास करने के लिए कहा। उन्होंने बुजुर्गों को अपने अनुभव के साथ युवा पीढ़ी का दिशा-दर्शन करने, शारीरिक और मानसिक संतुलन पर विशेष ध्यान देने, स्वस्थ रहना अपनी जिम्मेदारी मानते हुए जीवनचर्या बनाने और परिवार के सदस्यों के साथ वाणी और व्यवहार के संतुलन के साथ रहने के लिए प्रेरित किया। परिवार में आत्मीय वातावरण बनाने संबंधी दृष्टांतों के माध्यम से बताया कि बच्चों का लालन-पालन भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों के साथ करें। शिक्षा पाठ्यक्रम में राष्ट्र, समाज के साथ ही माता-पिता के त्याग और बलिदान का अहसास कराना आवश्यक है। ऐसा करने से भावी पीढ़ी पालकों के प्रति 365 दिन कृतज्ञता के भाव से भरी रहेगी। उन्होंने बड़े होने पर विवाह के बाद माता-पिता को छोड़ देने की पीड़ा को प्रसंग के द्वारा समझाया। बताया कि एक दंपति जो अपने माता-पिता से अलग रहता था, उनका सात वर्षीय बालक कुछ घंटों के लिए गुम हो गया तो वे बेहाल हो गए थे। माता-पिता के साथ 25-30 वर्ष रहने के बाद संतान द्वारा छोड़ने पर होने वाली पीड़ा का तब उन्हें अहसास हुआ।

राज्य मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन श्री एन.के. जैन ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संबंध में वैश्विक और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य पर चर्चा की। उन्होंने वैधानिक व्यवस्थाओं और प्रावधानों के बारे में बताया। विकास की आपाधापी में संस्कृति की धरोहर बुजुर्गों की उपेक्षा और दोयम दर्जे के व्यवहार को भारतीय नैतिक जीवन मूल्यों का अवमूल्यन बताया। वरिष्ठ नागरिकों के लिए अवर्णनीय पीड़ा निरूपित किया।

आयोग के सदस्य श्री सरबजीत सिंह ने स्वागत उद्बोधन में विषय का प्रवर्तन किया। सदस्य श्री मनोहर ममतानी ने आभार माना। आयोग के सचिव श्री शोभित जैन, न्यायमूर्तिगण, अधिकारी, सरकारी एवं स्वैच्छिक संगठनों का मैदानी अमला और विधि विद्यार्थी मौजूद थे।

अकादमिक कैलेंडर में परीक्षा और परिणामों की तिथि को उल्लेखित करना होगा

राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, विश्वविद्यालयों को अकादमिक कैलेंडर में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं और परिणामों की प्रस्तावित तिथि को उल्लेखित करना होगा। यह जानकारी स्पष्ट प्रारूप में विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित करनी होगी। राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा ने राजभवन में कुलसचिवों की मासिक बैठक में शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को इस संबंध में निर्देशित किया है।

प्रमुख सचिव ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लक्षित समूह की आगामी 45 दिवस में अनिवार्य रूप से सिकल सेल एनीमिया रोग की जाँच हो जाए। यह कार्य शासकीय चिकित्सालय के साथ समन्वय से किया जाए। लक्षित समूह के शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं की जाँच शिविर लगाकर सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वविद्यालयों से ग्राम गोद लिए जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि चयनित 5 ग्राम अनिवार्यतः जनजाति बहुल विकासखंड के होने चाहिए। ग्राम चयन में विश्वविद्यालयों के मध्य ओवरलैपिंग नहीं हो। प्रमुख सचिव श्री आहूजा ने न्यायालयीन प्रकरणों, ऑडिट आपत्तियों, निर्माण कार्यों, प्लेसमेंट और विश्वविद्यालय की विशिष्ट उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रारंभ किए पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम सितंबर के द्वितीय पखवाड़े तक घोषित हो जायेंगे। इससे पूर्व अन्य समस्त पाठ्यक्रमों के परिणाम भी जारी कर दिए जायेंगे। दूरस्थ शिक्षा विश्वविद्यालय द्वारा इन परिणामों की घोषणा के बाद परीक्षाएं आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई।

राज्यपाल के उपसचिव श्री डी.के. जैन, विधि अधिकारी श्री डी.पी.एस. गौर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट, डॉ. बी.आर. अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू और पं. एस.एन. शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल के कुलसचिव मौजूद थे।

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

रीताज हुसैन अलहजमी

बुक सीरीज पब्लिश करने वाली विश्व की सबसे कम उम्र की लेखिका बनीं

सऊदी अरब की रीताज हुसैन अलहजमी 12 वर्ष की उम्र में बुक सीरीज पब्लिश करने वाली लेखिका बन गई हैं। उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है। अलहजमी ने अपने सभी नॉवेल अंग्रेजी में लिखे हैं। 2019 में उन्होंने अपना पहला नॉवेल ट्रेजर ऑफ द लॉस्ट सी पब्लिश किया था। 2019 के अंत में इसका सीक्वल 'पोर्टल ऑफ द हिडन वर्ल्ड' पब्लिश किया। 2020 में बियान्ड द फ्यूचर वर्ल्ड पब्लिश किया। इसके चौथे पार्ट 'द पैसेज टू द अननोन' को वह अभी लिख रही हैं।

आईएनएस विक्रांत

चौथा समुद्री परीक्षण सफल

भारत के पहले स्वदेशी एयर क्राफ्ट कॅरियर विक्रांत ने अपना चौथा समुद्री परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। आईएनएस विक्रांत भारतीय नौसेना द्वारा संचालित होने वाला चौथा विमान वाहक पोत होगा। भारतीय नौसेना द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विक्रांत 2 जुलाई को कोचीन शिपयार्ड से रवाना हुआ था। उसके कुछ जटिल उपकरणों का एकीकृत परीक्षण समुद्र में किया गया। इसे 22 अगस्त को सेवा में शामिल किया जाएगा। विक्रांत का पहला परीक्षण पिछले साल अगस्त में पूरा किया गया था। इसके बाद पिछले साल ही अक्टूबर में दूसरे और इस साल जनवरी में तीसरे चरण का परीक्षण हुआ।

लिनिया साल्वो

साइकिलिंग में 72 वर्षीय महिला ने बनाया रिकॉर्ड

अमेरिका की 72 वर्षीय लिनिया साल्वो ने साइकिलिंग में उम्रदराज व्यक्ति होने का रिकॉर्ड बनाया है। लिनिया ने 3300 किलोमीटर (2083 मील) साइकिल चलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 43 दिन में यह यात्रा पूरी करने वाली विश्व की उम्रदराज महिला होने का खिताब जीता है। उन्होंने यह यात्रा कनाडा सीमा पर स्थित पीस आर्क से शुरू की और कैलिफोर्निया के सैनप्सिड्रो में समाप्त की।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर में

तेजी से चार्ज होने वाली ई-साइकिल विकसित

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर में भौतिकी विभाग में प्रोफेसर, डॉ. अमरीश चंद्र अपनी टीम के साथ ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए शोध कर रहे हैं। वैज्ञानिकों ने नैनो-सामग्री का उपयोग ना (Na) आयन-आधारित बैटरियों और सुपर कैपेसिटरों को विकसित करने के लिए किया है, जिन्हें तेजी से चार्ज किया जा सकता है और उन्हें ई-साइकिल में लगाया जा सकता है। कम लागत वाली ना-आयन आधारित प्रौद्योगिकियां सस्ती होंगी और इससे ई-साइकिल की लागत में काफी कमी आने की उम्मीद है। सोडियम-आयन (ना-आयन) बैटरियों ने सोडियम की उच्च प्राकृतिक प्रचुरता और परिणामस्वरूप ना-आयन बैटरी की कम लागत के कारण लिथियम-आयन बैटरी के लिए एक संभावित पूरक तकनीक के रूप में अकादमिक और व्यावसायिक रुचि को बढ़ाया है।

पनडुब्बी बेलगोरोड

रूस की नौसेना में शामिल

रूस की सेना को दुनिया की सबसे बड़ी पनडुब्बी बेलगोरोड मिल गई है। इसकी लंबाई 184 मीटर है। यह रेडियोएक्टिव सुनामी ला सकती है। इसमें न्यूक्लियर टॉरपीडो लगे हैं। जिनके फटने से समुद्र में 500 मीटर तक पानी उछल सकता है। पनडुब्बी में एक स्कूल बस के बराबर न्यूक्लियर टॉरपीडो लगा है। 30 हजार टन वजनी पनडुब्बी में 80 फुट के छह पोसाइडन न्यूक्लियर टॉरपीडो ड्रोन लगे हैं।

यूक्रेन ने

भारत सहित 5 देशों में तैनात अपने राजदूत बर्खास्त किए

यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भारत सहित 5 देशों के राजदूतों को बर्खास्त कर दिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति की वेबसाइट पर जारी आदेशों के तहत उन्होंने जर्मनी में यूक्रेन के राजदूत को बर्खास्त कर दिया है। इसके अलावा हंगरी, चेक गणराज्य, नॉर्वे और भारत में तैनात अपने राजदूत हटा दिए हैं। आदेश में बर्खास्तगी की वजह और अन्य पोस्टिंग के बारे में कुछ भी नहीं बताया गया है।

ब्लू झींगा

अमेरिका में मछुआरे ने खोजा

अमेरिका के मछुआरे लार्स-जोहान लार्सन ने पोर्टलैंड में एक अत्यंत दुर्लभ ब्लू झींगा पकड़ा है। यह इतना दुर्लभ होता है कि 20 लाख में से एक ही इस रंग का पाया जाता है। इसके बारे में लार्सन ने विस्तृत ब्यौरे के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किया और 1 घंटे के भीतर 5 लाख लाइक्स मिले। इसे पोर्टलैंड के तट पर पकड़ा था। ज्ञात रहे कि अधिकांश झींगा भूरे, मटमैले या लाल रंग के होते हैं। लार्स ने इसे कुछ समय बाद समुद्र में छोड़ दिया ताकि वह अपनी पूरी जिंदगी जी सके।

बेल्जियम में

रेत से तैयार की डायनासोरों की दुनिया

बेल्जियम के मिडेलकेर्क में विश्व प्रसिद्ध रेत उत्सव 'डायनोस इन द सैंड' के दौरान रेत से तैयार की गई कलाकृतियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इस उत्सव की थीम डायनासोरों पर आधारित है। अलग-अलग देशों के 30 प्रतिष्ठित सैंड आर्टिस्टों ने समुद्र तट पर डायनासोर की विभिन्न प्रजातियों से संबंधित 50 कलाकृतियां तैयार की हैं। इसके लिए 6000 टन रेत का उपयोग किया गया।



ताशुन बोडेन-लुइस

अश्वेत महिला अमेरिका की शीर्ष लोक अभियोजक बनीं

अमेरिका में किसी अश्वेत महिला को पहली बार कनेक्टिकट का मुख्य लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है। ताशुन बोडेन लुइस ने अपना कार्य भी शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह राज्य की आपराधिक न्याय प्रणाली में अल्पसंख्यक मुवक्किलों में और अधिक भरोसे की भावना पैदा करने की उम्मीद करती हैं। लुइस को मई के अंत में लोकरक्षक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त किया गया था। यह प्रभाग आपराधिक, बाल संरक्षण अपराध रक्षा और परिवार सहायता के सालाना 1,00,000 से अधिक मामलों में मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करता है।

लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमण्यम

यूएन के फोर्स कमांडर नियुक्त

यूएन महासचिव एटोनियो गुटेरेस ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल मोहन सुब्रमण्यम को दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन का फोर्स कमांडर नियुक्त किया गया है। वे लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश तिनाइकर की जगह लेंगे। तिनाइकर मई 2019 से पद पर थे।

राजा कृष्णमूर्ति

डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता

भारतवंशी अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में इलिनोइस प्रांत से जीत हासिल की है। अपने प्रतिद्वंद्वी जुनैद अहमद द्वारा व्यापक स्तर पर चलाए गए सांप्रदायिक अभियान के बावजूद कृष्णमूर्ति ने निर्णायक जनादेश प्राप्त किया है। उन्होंने जुनैद को 71 प्रतिशत से अधिक मतों से पराजित किया। 48 वर्षीय कृष्णमूर्ति इलिनोइस के आठवें कांग्रेसनल जिले में बहुत लोकप्रिय हैं।

फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर

फिलीपींस के राष्ट्रपति बने

मनीला में फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने फिलीपींस के 17वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। फर्डिनेंड जूनियर को 'बोंगबोंग' के नाम से जाना जाता है। 1980 में मार्कोस जूनियर 23 वर्ष की उम्र में देश के उत्तरी प्रांत इलोकोस नॉर्ट के गवर्नर बनाए गए। 2010 में मार्कोस सांसद बने, 2016 में उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बने। मार्कोस की माँ इमेल्डा चार बार सांसद रह चुकी हैं। फर्डिनेंड मार्कोस ने राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते की जगह ली है।

केटान्जी ब्राउन जैक्सन

अमेरिका की पहली अश्वेत जज बनीं

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में पहली अश्वेत महिला जज के रूप में केटान्जी ब्राउन जैक्सन ने शपथ ली। 51 साल की केटान्जी, जस्टिस स्टीफन ब्रेयर का स्थान लेंगी। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से नामित केटान्जी की नियुक्ति के बाद भी सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों में से कंजरवेटिव जजों की संख्या 6 ही रहेगी।

अजीत बजाज और दीया बजाज

पिता-पुत्री ने फतह की 7 सबसे ऊंची चोटियां

पर्वतारोही अजीत बजाज और उनकी बेटी दीया बजाज की जोड़ी ने 'एक्सप्लोरर ग्रैंड स्लैम' पूरा कर लिया है। ऐसा करने वाली यह पहली जोड़ी है। इस ग्रैंड स्लैम में नॉर्थ पोल, साउथ पोल और ग्रीनलैंड में स्कीइंग यानी पोलर ट्रॉयलॉजी की जाती है। इस जोड़ी ने 7 महाद्वीपों की 7 सबसे ऊंचे पर्वतों को फतह किया है। इसमें एवरेस्ट भी शामिल है।

परमेश्वरन अय्यर

नीति आयोग के सीईओ का कामकाज संभाला

स्वच्छ भारत मिशन के क्रियान्वयन की अगुवाई करने वाले परमेश्वरन अय्यर ने नीति आयोग के सीईओ के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। अय्यर ने सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के साथ काम किया है। वह उत्तरप्रदेश कैडर के 1981 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। अय्यर 2016-20 के दौरान पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय में सचिव रहे हैं।

राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस

घरेलू मत्स्य खपत एवं सतत् उत्पादन पर पोस्टर जारी

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड ने एनएफडीबी हैदराबाद में हाइब्रिड तरीके से राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान घरेलू मत्स्य खपत एवं सतत् उत्पादन पर आउटरीच के रूप में 4 पोस्टर जारी किए गए। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि मत्स्य पालन के जरिये देश मछली उत्पादन में दूसरे स्थान पर है। वहीं समुद्री शैवाल की खेती को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने तमिलनाडु में समुद्री शैवाल पार्क को मंजूरी दी है और देशभर में मछली पकड़ने के लिए बंदरगाहों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

प्रसार भारती

नये प्रतीक चिह्न का शुभारंभ

भारत के पब्लिक ब्रॉडकास्टर प्रसार भारती ने 11 जुलाई, 2022 को नये प्रतीक-चिह्न (लोगो) का अनावरण किया और इस तरह अपने गौरवशाली इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा। नये लोगो को सूचना एवं प्रसारण सचिव श्री अपूर्व चंद्रा ने जारी किया। प्रसार भारती का नया लोगो गहरे अर्थों से ओतप्रोत है। नये लोगो के बीच के घेरे में जो तत्व और भारत का मानचित्र अंकित है, वह आम लोगों के लिये विश्वास, सुरक्षा और आदर्श सेवा का प्रतीक है।

भगवानी देवी डागर

94 वर्ष की उम्र में गोल्ड मेडल जीता

हरियाणा की 94 वर्षीय भगवानी देवी डागर ने वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने फिनलैंड के टाम्परे में आयोजित चैंपियनशिप में 2 ब्रॉन्ज भी जीते हैं। उन्होंने 100 मीटर रेस 24.74 सेकेंड में पूरी कर गोल्ड जीता है। उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल शॉट पुट इवेंट में जीते। साल की शुरुआत में नेशनल मास्टर्स एथलीट चैंपियनशिप में 3 गोल्ड जीतने के बाद उन्होंने इंटरनेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वॉलिफाई किया था।

एम्सटर्डम

चोरी हुई पवित्र कृति वापस मिली

फ्रांस के एक चर्च से 1 जून को चोरी हुई पवित्र कृति फिर मिल गई है। इसमें प्रभु यीशु के रक्त की बूंद सहेजी गई हैं। इसे ढूंढ़ने में आर्थर ब्रांड नामक जासूस ने अहम भूमिका निभाई। आर्थर ने बताया कि चोर को जब पता चला कि यह पवित्र कृति है, तो डरकर उसने इसे लौटा दिया। अब इसे नीदरलैंड्स पुलिस को सौंपा जा रहा है, जो इसे फ्रांस के चर्च को लौटाएगी।

स्मृति शेष

'द गॉड फादर' फेम एक्टर जेम्स कान का निधन

वर्ष 1972 की सुप्रसिद्ध फिल्म 'द गॉड फादर' में 'सनी कॉर्लियोन का किरदार निभाने वाले अभिनेता और हॉलीवुड स्टार जेम्स कान का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कान को फिल्म 'द गॉड फादर' में अच्छे अभिनय के लिए याद किया जाता है।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कोरोना को मारने के तीन हथियार, हाथ धुलायी, मास्क और वैक्सीन का वार।

'मेक इन इंडिया–वोकल फॉर लोकल' से निखर रहा भारत का खिलौना बाजार

मध्यप्रदेश के खिलौनों की दूर–दूर तक है मांग

खिलौने हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत को समझने में मदद करते हैं और बौद्धिक एवं भावनात्मक विकास को मजबूती प्रदान करते हैं। खिलौने हमेशा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। देश में बने खिलौनों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान दिया है। अधिकांश भारतीय खिलौने प्राकृतिक और पर्यावरण के अनुकूल वस्तुओं से बने होते हैं। इनमें उपयोग किए जाने वाले रंग भी प्राकृतिक और सुरक्षित होते हैं। खिलौने हमारे मन को, हमारे इतिहास और संस्कृति से भी जुड़ते हैं और सामाजिक, मानसिक विकास तथा भारतीय दृष्टिकोण के निर्माण में भी सहायक होते हैं। भारतीय खेलों और खिलौनों की एक विशेषता है कि उनमें ज्ञान, विज्ञान, मनोरंजन और मनोविज्ञान का समावेश होता है। सरकार देश के खिलौना बाजार को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठा रही है जिसका परिणाम अब दिखने लगा है, पिछले तीन साल में भारतीय खिलौना बाजार में जबरदस्त तेजी आई है। इस दौरान केंद्र सरकार ने देश में खिलौना बाजार से जुड़े तमाम खिलौना निर्माताओं और कारोबारियों को प्रोत्साहित किया है। केवल इतना ही नहीं भारत सरकार ने देश की जनता को घरेलू खिलौनों को खरीदने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इसके चलते एक ओर भारत में खिलौनों का निर्यात बढ़ा तो वहीं दूसरी ओर खिलौनों का आयात भी घट गया।

आयात में 70.35% की कमी

देश में खिलौनों के आयात की बात करें तो उसमें भारी कमी आई है। पहले भारत खिलौने विदेश से ज्यादा आयात करता था, लेकिन अब इस आंकड़े में कमी स्पष्टतः देखी जा सकती है। अब एचएस कोड 9503, 9504 एवं 9505 के लिए भारत में खिलौनों का आयात वित्त वर्ष 2018-19 के 371 मिलियन डॉलर की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 110 मिलियन डॉलर रहा जो 70.35 प्रतिशत की कमी दर्शाता है। एचएस कोड 9503 के लिए, खिलौना आयात में और तेजी से कमी आई है जो वित्त वर्ष 2018-19 के 304 मिलियन डॉलर की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान घट कर 36 मिलियन डॉलर पर आ गया। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ भारत का खिलौना बाजार भी तेजी से फल-फूल रहा है। महज तीन साल के भीतर भारत के खिलौना बाजार में यह तेजी आई है।

निर्यात में 61.39% की बढ़ोतरी

निर्यात की बात करें तो हालिया जानकारी के मुताबिक एचएस कोड 9503, 9504 एवं 9505 के लिए, खिलौना निर्यात वित्त वर्ष 2018-19 के 202 मिलियन डॉलर की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 326 मिलियन डॉलर रहा जो 61.39 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। एचएस कोड 9503 के लिए, खिलौना निर्यात बढ़कर वित्त वर्ष 2018-19 के 109 मिलियन डॉलर की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान बढ़ कर 177 मिलियन डॉलर पर पहुंच गया।

भारतीय खिलौना उद्योग

भारतीय खिलौना उद्योग का अनुमान 1.5 अरब डॉलर है जो वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 0.5% है। भारत में खिलौना निर्माता ज्यादातर एनसीआर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और मध्य भारतीय राज्यों के समूहों में स्थित हैं। बाजार का 90% हिस्सा असंगठित है। वहीं एमएसएमई क्षेत्र से करीब 4,000 खिलौना उद्योग इकाइयां जुड़ी हैं। माना जाता है कि भारत में खिलौना उद्योग में 2024 तक 2-3 अरब डॉलर तक बढ़ने की क्षमता है। भारतीय खिलौना उद्योग वैश्विक उद्योग के आकार का केवल 0.5% है जो एक बड़े संभावित विकास अवसर का संकेत देता है। वैश्विक औसत 5% के मुकाबले घरेलू खिलौनों की मांग 10-15% बढ़ने का अनुमान है। इसी दिशा में भारत उम्मीद से भी ज्यादा तेजी से काम कर रहा है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अपील ने दिखाया कमाल

अगस्त 2020 में 'मन की बात' कार्यक्रम के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'भारतीय खिलौना स्टोरी की रीब्रांडिंग' की अपील की थी और घरेलू डिजाइनिंग को सुदृढ़ बनाने तथा भारत को खिलौनों के लिए एक वैश्विक विनिर्माण हब के रूप में बनाने के लिए बच्चों के लिए सही प्रकार के खिलौनों की उपलब्धता, खिलौनों का उपयोग सीखने के संसाधन के रूप में करने, भारतीय मूल्य प्रणाली, भारतीय इतिहास और संस्कृति पर आधारित खिलौनों की डिजाइनिंग करने पर जोर दिया था।

इसके बाद भारतीय खिलौना उद्योग को सरकार की कई सारी युक्तियों से लाभ पहुंचा है और इसके परिणामस्वरूप 'मेक इन इंडिया' प्रोग्राम की सफलता दिखाई दे रही है।

जीआई टैग और 'वोकल फॉर लोकल'

हाल ही में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 2 से 5 जुलाई 2022 तक आयोजित टॉय बिज बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के 13वें संस्करण के दौरान 96 प्रदर्शकों ने पारंपरिक प्लश खिलौनों, निर्माण उपकरण खिलौनों, गुड़िया, बिल्डिंग ब्लॉक्स खिलौनों, बोर्ड गेम्स, पजल्स, इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों, शिक्षाप्रद खिलौनों, राइड-ऑन से लेकर विविध उत्पाद वर्ग प्रदर्शित किए। सभी खिलौना उत्पाद 'मेड इन इंडिया' उत्पाद थे जो लघु, मध्यम तथा बड़े उद्यमों द्वारा घरेलू रूप से विनिर्मित्त थे। जीआई टैग वाले खिलौने जैसे कि चेन्नापटना, वाराणसी आदि का भी प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में भारतीय लोकाचार तथा मूल्य प्रणाली पर आधारित खिलौनों का प्रदर्शन किया गया था, जो 'वोकल फॉर लोकल' थीम का विधिवत समर्थन करते हैं। प्रत्येक खिलौना वर्ग के पास किफायती और हाई-एंड संस्करण हैं।

मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध खिलौने

बुदनी के लकड़ी के खिलौने की मांग दूर-दूर तक है। 1 से 14 नवंबर, 2021 तक बुदनी खिलौना महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि बुदनी की खिलौना कला को बढ़ावा देने और रोज़गार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से बुदनी में खिलौना क्लस्टर का निर्माण कराया जाएगा। बुदनी के खिलौनों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा रही है। बुदनी के खिलौना उत्पादों को बुदनी के नाम से विश्वविख्यात बनाने के लिए जीआई टैग दिलाए जाने के प्रयास हो रहे हैं। मध्यप्रदेश का रीवा शहर अपने सुपारी कला के लिए जाना जाता है। यहां सुपारी से कई तरह के खिलौने बनाए जाते हैं।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- देश में अब 24 प्रमुख क्षेत्रों में खिलौना उद्योग को वर्गीकृत कर दिया गया है और एक राष्ट्रीय खिलौना कार्य योजना भी तैयार की गई है।
- गुजरात में विश्व का सबसे बड़ा टॉय म्यूजियम (खिलौना संग्रहालय) बन रहा है। इसके लिए 30 एकड़ जमीन आवंटित कर दी गई है। यह गुजरात की चिल्ड्रेन यूनिवर्सिटी के बाल भवन प्रोजेक्ट के तहत बनाया जा रहा है। यहां प्राचीनकाल से लेकर आधुनिक काल तक के 11 लाख से ज्यादा खिलौने प्रदर्शित किए जाएंगे।
- केंद्र सरकार ने देश के 8 अलग-अलग राज्यों में टॉय मेन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स को मंजूरी दी है। क्लस्टरों के जरिए देश के पारंपरिक खिलौना उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। इनके निर्माण पर 2,300 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इन क्लस्टर्स में लकड़ी, लाख, ताड़ के पत्ते, बांस और कपड़ों के खिलौने बनेंगे। इन 8 में से 3 क्लस्टर मध्यप्रदेश के होंगे।
- विशाखापट्नम के एतीकॉप्पका खिलौने काफी प्रसिद्ध हैं। यह खिलौने लकड़ी से बने होते हैं और वांछित आकार प्राप्त होने के बाद, बीज, लाख, छाल की जड़ें और पत्तियों से बने प्राकृतिक रंगों से रंगे जाते हैं।
- आंध्रप्रदेश के कोंडापल्ली, एट्टीकोपक्का और तिरुपति लकड़ी के खिलौने के लिए जाने जाते हैं। बेंगलुरु के पास स्थित चन्नपटना के खिलौनों का इतिहास 300 साल पुराना है। तंजौर या तंजावुर खिलौनों की मांग दुनियाभर में है। राजस्थान की कठपुतली को देश-विदेश में काफी शोहरत मिल चुकी है। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में स्थित निर्मल खिलौने भी दुनियाभर में मशहूर है। बनारस की काष्ठ-कला (लकड़ी से बनी मूर्तियां) पूरी दुनिया में मशहूर हैं।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती है)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

ताप्ती नदी का उद्गम स्थल है बैतूल जिला

बैतूल मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम् संभाग का एक जिला है। इस जिले का मुख्यालय बैतूल है। प्रदेश के दक्षिण क्षेत्र में स्थित इस जिले के उत्तर में होशंगाबाद (वर्तमान में नर्मदापुरम) पूर्व में छिंदवाड़ा, दक्षिण में महाराष्ट्र का अमरावती, पश्चिम में पूर्वी निमाड़ (खंडवा) तथा उत्तर-पश्चिम में हरदा जिला है।

बैतूल दक्षिण में सतपुड़ा की श्रृंखलाओं में फैला हुआ है। उत्तर में नर्मदा की घाटी और दक्षिण में बरार का मैदान है। बैतूल ताप्ती नदी का उद्गम स्थल है। ताप्ती मध्यप्रदेश की एक मुख्य नदी है।

1822 में डिप्टी कमिश्नर ने बैतूल बाजार से बदनूर में जिला प्रशासनिक केंद्र स्थापित किया था। तभी से इसे बैतूल मुख्यालय के रूप में जाना जाने लगा।

मुगल शासक अकबर के नौ रत्नों में से एक टोडरमल द्वारा कराए गए सर्वेक्षण ने बैतूल जिले को अखंड भारत के केंद्र बिन्दु के रूप में रेखांकित किया था। इस सर्वेक्षण में उसका केंद्र बिंदु बैतूल के बरसाली गांव में मिला था। यह जिला अपनी जनजातीय विविधता के लिए भी जाना जाता है।

इतिहास

बैतूल ईसा पूर्व से ही अस्तित्व में आ गया था। कई ऐतिहासिक स्रोतों से पता चलता है कि प्राचीनकाल में ताप्ती नदी का क्षेत्र गोंड राजा कोण्डाली के अधीन रहा और बदनूर से 4 मील पूर्व में स्थित खेड़ला पर जयपाल का शासन था। मुल्य राजा स्वामी रचित 'विवेक सिंधु' से ज्ञात होता है कि 1398 ईसा पूर्व में इस भूभाग पर नरसिंगराय का शासन था।

अकबर के शासनकाल में सन् 1560 के पश्चात खेड़ला जिले का प्रमुख केंद्र रहा, जिसमें छिंदवाड़ा का दक्षिण भाग शामिल था। इसके पश्चात सन् 1743 में रघुजी भांसले राज्य के अंतर्गत गोंड राजा ईल को सहायक नियुक्त किया गया। मुख्यालय बैतूल बाजार बना दिया गया। बाद में यह बदनूर स्थानांतरित हुआ, जिसका नाम बाद में बैतूल हुआ। सीतावालदी युद्ध के बाद इस क्षेत्र को सन् 1818 में नागपुर संघ में और 1826 में ब्रिटिश संघ से मिला दिया गया।

1822 के पश्चात मुख्यालय बैतूल के रूप में जाना जाने लगा। वर्तमान में यह नर्मदापुरम् संभाग का महत्वपूर्ण जिला माना जाता है।

अर्थव्यवस्था

बैतूल जिले ने कृषि उपज और वन संपदा के संग्रहण और व्यापारिक केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है। मक्का, धान और गेहूं यहां की मुख्य फसलें हैं। कोयला, ग्रेनाइट, बलुआ पत्थर, अभ्रक, लौह अयस्क, ग्रेफाइट यहां पाए जाने वाले प्रमुख खनिज हैं। जिला वनों और जैव विविधता में समृद्ध है यहां कई औषधीय पौधे भी पाए जाते हैं। बैतूल के जंगलों से बड़ी मात्रा में व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण लघु वनोपज जैसे तेंदू पत्ते, चिरौंजी, हर्रा, आंवला भी एकत्र किए जाते हैं। गन्ने का उत्पादन अधिक होने से यह जिला गुड़ का बड़ा उत्पादक क्षेत्र भी है।

जिले का ग्राम टिगरिया हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध है। यहां जरी-जरदोजी, काष्ठ शिल्प, ढोकरा शिल्प आदि से आकर्षक सजावटी वस्तुएं बनाई जाती हैं।

बैतूल जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 1 नवंबर, 1956
2. संभाग- नर्मदापुरम्
3. जिला मुख्यालय- बैतूल
4. क्षेत्रफल- 10043 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 15,75,247 (पुरुष-7,99,721, महिलाएं-7,75,526)
6. लिंग अनुपात- 970
7. जनघनत्व- 156 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 70.14 प्रतिशत
9. तहसीलें- 10 (बैतूल, मुलताई, आमला, भैंसदेही, आठनेर, शाहपुर, घोड़ाडोंगरी, चिचोली, भीमपुर, प्रभातपट्टन)
10. विकासखंड- 10
11. ग्राम पंचायत- 556
12. ग्राम- 1341
13. जिला पंचायत- 1
14. नगर पालिका और परिषद- 8
15. विधानसभा क्षेत्र- 5 (मुलताई, आमला, बैतूल, घोड़ाडोंगरी, भैंसदेही)
16. लोकसभा क्षेत्र- 1
17. भाषा एवं बोली- हिन्दी

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- बैतूल जिले के सारणी में स्थित सतपुड़ा पावर प्लांट, एशिया के बड़े तापीय बिजली संयंत्रों में से एक है। यहां तापीय ऊर्जा द्वारा बिजली का उत्पादन किया जाता है। इस संयंत्र में कोयले की आपूर्ति पाथाखेड़ा कोल माइंस द्वारा होती है। यहां से बनी बिजली पूरे प्रदेश को रोशन करती है।
- बैतूल जिले में ग्रेफाइट बहुतायत में पाया जाता है। इसका उपयोग पेंट, बैटरी तथा पेंसिल बनाने में होता है। यहां का रंगीन संगमरमर भी प्रसिद्ध है।
- बैतूल जिले की भैंसदेही तहसील में स्थित मुक्तागिरी एक प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल है। यहां पहाड़ी पर 52 जैन मंदिर बने हुए हैं। ये मंदिर 13वीं-14वीं शताब्दी के दौरान बनाये गए थे। यहां एक खूबसूरत जलप्रपात भी है।
- भैंसदेही तहसील का कुकरू गांव भी महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित एक खूबसूरत दर्शनीय स्थल है। यहां पर कॉफी के बागान हैं, साथ ही यहां सूर्यास्त और सूर्योदय का मनोरम दृश्य देखने भी सैलानी आते हैं।
- बैतूल जिले में प्रभातपट्टन के अंतर्गत ग्राम सालबर्डी में भगवान शिव की प्राचीन गुफा है। यहां प्रतिवर्ष शिवरात्रि पर विशाल मेला लगता है। शिवलिंग के ठीक ऊपर स्थित पहाड़ी से सतत जलधारा प्रवाहित होती रहती है।
- यह जिला ब्रिटिश शासन के खिलाफ आदिवासियों द्वारा किए गए विद्रोह के लिए प्रसिद्ध है। 1930 में महात्मा गांधी के आह्वान पर मध्य भारत के बैतूल जिले से जंगल सत्याग्रह की शुरुआत हुई थी। जिसके बाद पूरे देश के वनवासी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ इस जंगल सत्याग्रह में शामिल हुए थे।
- बैतूल जिले की प्रमुख नदियां ताप्ती, तवा, माचना, वर्धा, बेल, मोरण्ड एवं पूर्णा हैं। ताप्ती दक्षिण की प्रमुख नदियों में से एक है, जो पुराणों के अनुसार सूर्य पुत्री कहलाती है। इसका उद्गम मुलतापी (मुलताई) में स्थित तालाब से माना जाता है।
- भैंसदेही में नक्काशीदार पत्थरों से बना एक पुराना शिव मंदिर, शेरगढ़ का किला, खेड़ला किला, मलाजपुर में गुरु साहब की समाधि, पार्वती गुफा, बालाजीपुरम् मंदिर आदि बैतूल जिले में स्थित प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।

- रीता मोदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कॅरियर की राहें

पैरामेडिकल में तेजी से बढ़े हैं नए अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

यकीनन कोविड-19 के बाद जितनी तेजी से मेडिकल क्षेत्र का विस्तार हो रहा है, उतनी ही तेजी से देश-दुनिया में पैरामेडिकल सेक्टर में कॅरियर के अवसर बढ़ते जा रहे हैं। पैरामेडिकल हेल्थकेयर से संबंधित ऐसा सेक्टर है, जिसमें डॉक्टर की तरह काम करने का अवसर मिलता है। जब हम हॉस्पिटल जाते हैं, तो रोगी को जो प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करता है, वह पैरामेडिकल स्टाफ ही होता है। इनकी भूमिका इतनी महत्वपूर्ण होती है कि इनको सहायक चिकित्सक भी कहा जाता है। वर्ष 2023 तक देशभर में करीब 12,500 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले जाने प्रस्तावित हैं तथा लगातार नए हॉस्पिटल भी बनाए जा रहे हैं। ऐसे में पैरामेडिकल स्टाफ की मांग और अधिक हो गई है।

डॉक्टर न बनने पर दूसरी कॅरियर पसंद है पैरामेडिकल सेक्टर

अधिकांशतः वे स्टूडेंट्स जो डॉक्टर बनने का सपना संजोकर आगे बढ़ते हैं,

यदि वे डॉक्टर बनने की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षा नीट में सफल नहीं होते हैं, तो वे पैरामेडिकल कोर्स की ओर कदम बढ़ाते हुए दिखाई देते हैं। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2022 में भारत के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 91415 सीटें, बीडीएस की 26,949 सीटें, आयुष की 52720 सीटें और पशु चिकित्सा कोर्स की 525 सीटों पर प्रवेश नीट के माध्यम से होगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि पैरामेडिकल में प्रतिवर्ष देश में करीब 15-16 लाख स्टूडेंट्स डॉक्टर बनने का सपना रखते हुए नीट परीक्षा देते हैं।

पैरामेडिकल सेक्टर के विविध आयाम

बड़ी संख्या में नीट परीक्षा देने वाले स्टूडेंट अपनी दूसरी कॅरियर पसंदगी

पैरामेडिकल के तहत जिन उपयुक्त विधाओं में से किस विधा का चयन करते हैं, उनमें प्रमुखतया हेल्थ केयर असिस्टेंट, नर्सिंग केयर असिस्टेंट, डेंटल हाइजिनिस्ट, डायग्नोस्टिक मेडिकल सोनोग्राफर, डाइटिशियन, लैब टेक्नोलॉजिस्ट, फिजियाथेरेपिस्ट, डायलिसिस टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर, रेस्पिरेटरी थेरेपिस्ट, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट, एनेस्थिया टेक्नीशियन, मेडिकल टेस्टिंग टेक्नीशियन, ऑपरेशन थिएटर, टेक्नीशियन, आईसीयू संबंधी उपकरणों के टेक्नीशियन, रेडिएशन टेक्नोलॉजिस्ट, न्यूक्लियर मेडिसिन टेक्नोलॉजिस्ट, डेंटल असिस्टेंट, न्यूट्रीशियन एंड चाइल्ड केयर सपोर्टर, होम बेस्ड हेल्थ केयर, सपोर्टर रूरल हेल्थ केयर सपोर्टर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ईसीजी एंड सीटी स्कैन टेक्नीशियन, एचआईवी एंड फैमिली एजुकेशन टेक्नीशियन आदि डिमांड में हैं।

खास बात यह है कि कोविड-19 के बाद लैब टेक्नोलॉजी, रेडियोग्राफर और फिजियोथेरेपिस्ट की अहमियत बहुत अधिक बढ़ गई है। लैब टेक्नोलॉजी टेक्नीशियन और टेक्नोलॉजिस्ट दो तरह के प्रोफेशनल होते हैं। मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट का काम ब्लड बैंकिंग, क्लीनिकल टेक्नोलॉजी, इम्यूनोलॉजी, हेमैटोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी से संबंधित काम करना है। जबकि मेडिकल टेक्नीशियन लैब में रुटीन टेस्ट का काम देखते हैं। रेडियोग्राफर के द्वारा रेडिएशन के सहारे उन छिपे हुए अंगों की तस्वीरें ली जाती हैं जो दिखती नहीं हैं और कई शारीरिक विकारों को सामने लाया जाता है। अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआई आदि इसी क्षेत्र से संबंधित हैं। फिजियोथेरेपिस्ट के द्वारा शारीरिक व्यायाम उपचार, गर्मी, विकिरण आदि जैसे अन्य चिकित्सीय एजेंटों का उपयोग करता है और कमजोरियों का इलाज करने और क्षतिग्रस्त मांसपेशियों, जोड़ों और हड्डियों के पुनर्निर्माण के लिए एक्सरसाइज सुनिश्चित करता है।

पैरामेडिकल कोर्स

पैरामेडिकल कोर्स के तहत सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री, तीनों तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि छह महीने से एक साल, डिप्लोमा कोर्स की अवधि दो से तीन साल और डिग्री कोर्स की अवधि तीन से चार साल तक होती है। साथ ही पैरामेडिकल के कई क्षेत्रों में पोस्ट ग्रेजुएशन का कोर्स भी उपलब्ध है। यद्यपि पैरामेडिकल सेक्टर में विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध हैं, लेकिन यह ऐसी स्किल है, जिसे ऑनलाइन या डिस्टेंस एजुकेशन से करना अवसरों को बेहद सीमित कर देता है।

पैरामेडिकल कोर्स के लिए योग्यता एवं प्रवेश परीक्षा

साइंस (पीसीबी) के साथ 12वीं कक्षा में 50 फीसदी अंक हासिल करने वाले छात्र पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। स्नातकोत्तर (पीजी) कोर्स में दाखिले के लिए संबंधित पैरामेडिकल विषय में स्नातक की डिग्री होना जरूरी है। कुछ

सर्टिफिकेट कोर्स ऐसे हैं, जिन्हें 10वीं कक्षा के बाद भी किया जा सकता है। विभिन्न प्रकार के पैरामेडिकल कोर्स की फीस इस बात पर निर्भर करती है, की आप किस पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट अथवा कॉलेज में एडमिशन ले रहे हैं।

पैरामेडिकल सेक्टर में स्वरोज़गार और नौकरी के अवसर

निःसंदेह पैरामेडिकल के कोर्स के बाद कॅरियर के अच्छे अवसर उपलब्ध होते हैं। पैरामेडिकल की पढ़ाई कर सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी कर सकते हैं। किसी लैब या डॉक्टर के निजी क्लिनिक से भी जुड़ सकते हैं या अपना खुद का काम भी शुरू कर सकते हैं। पैरामेडिकल के क्षेत्र में वेतनमान कार्य और अनुभव तथा योग्यता पर निर्भर करता है। अनुभव के आधार पर वेतन और सुविधाओं में लगातार वृद्धि होती जाती है। खास बात यह है कि पैरामेडिकल कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स के लिए विदेशों में भी अच्छे मौके होते हैं। साथ ही विदेशों में पैरामेडिकल स्टाफ का पैकेज बहुत आकर्षक होता है।

पैरामेडिकल कोर्स में प्रवेश

पैरामेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए कई प्रकार की परीक्षाएं होती हैं। स्टूडेंट्स को चाहिए कि नीट परीक्षा देने के साथ-साथ पैरामेडिकल प्रवेश परीक्षाओं पर भी ध्यान दें। पैरामेडिकल परीक्षाओं में लगभग वही कोर्स होता है, जो नीट परीक्षा में होता है। संयुक्त पैरामेडिकल एंड नर्सिंग प्रवेश परीक्षा (सीपीएनईटी), नीट-पीजी (एनईईटी-पीजी), एमएचटी-सीईटी, नीट-यूजी (एनईईटीयूजी) प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर निजी और सरकारी कॉलेजों में सीधा मेरिट के आधार पर भी दाखिला मिल सकता है। पैरामेडिकल कोर्स कराने वाले कई संस्थान एडमिशन के लिए अपना एंट्रेंस एग्जाम भी अलग से भी आयोजित करते हैं। आप प्रायवेट पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में भी प्रवेश ले सकते हैं। यदि आप पैरामेडिकल सेक्टर में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो अपनी रुचि, योग्यता व क्षमता के अनुरूप उपयुक्त कोर्स और उपयुक्त गुणवत्तापूर्ण संस्थान का चयन करके पैरामेडिकल सेक्टर में कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **मारिया शारापोवा ने टेनिस में कितने ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं?**
(अ) तीन (ब) चार
(स) पांच (द) सात

2. **वर्ष 2014 में किस देश ने फीफा वर्ल्डकप की मेजबानी की थी?**
(अ) द. अफ्रीका (ब) फ्रांस
(स) स्पेन (द) ब्राजील

3. **टोक्यो ओलिंपिक में मीराबाई चानू ने किस खेल में भारत के लिए रजत पदक जीता था?**
(अ) भारोत्तोलन (ब) निशानेबाजी
(स) बैडमिंटन (द) कुश्ती

4. **वर्ष 2018 में किस देश ने एफआईएच पुरुष हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी?**
(अ) भारत (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) नीदरलैंड (द) जर्मनी

5. **मरात साफिन ने किस वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था?**
(अ) वर्ष 2002 (ब) वर्ष 2004
(स) वर्ष 2005 (द) वर्ष 2007

6. **अमेरिका की पूर्व ओलिंपिक चैम्पियन मिसी फ्रैंकलिन किस खेल की खिलाड़ी हैं?**
(अ) जिम्नास्टिक (ब) तैराकी
(स) टेनिस (द) बास्केटबॉल

7. **इस वर्ष इनमें से कौन-सा देश एफआईएच महिला प्रो लीग में चैम्पियन बना है?**
(अ) अर्जेंटीना
(ब) बेल्जियम
(स) नीदरलैंड
(द) इनमें से कोई नहीं

8. **रियल मैड्रिड ने अब तक कितनी बार ला लीगा टूर्नामेंट अपने नाम किया है?**
(अ) 26 बार (ब) 29 बार
(स) 32 बार (द) 35 बार

9. **वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी ने आईटीएफ वर्ल्ड चैम्पियनशिप का खिताब जीता है?**
(अ) नोवाक जोकोविच
(ब) राफेल नडाल
(स) एंडी मरे
(द) डेनिल मेदवेदेव

10. **डिएगो कोस्टा किस देश की फुटबॉल टीम के गोलकीपर हैं?**
(अ) पुर्तगाल (ब) स्पेन
(स) ब्राजील (द) क्रोएशिया

11. **सेरेना विलियम्स ने कितनी बार विम्बलडन में महिला एकल खिताब जीता है?**
(अ) पांच बार (ब) छह बार
(स) सात बार (द) दस बार

12. **मनीष नरवाल ने पैरालिंपिक खेल-2020 में किस खेल में स्वर्ण पदक जीता था?**
(अ) एथेलेटिक्स (ब) तीरंदाजी
(स) टेबल टेनिस (द) निशानेबाजी

13. **आईसीसी क्रिकेट वर्ल्डकप-2019 में किस बल्लेबाज ने 5 शतक बनाये थे?**
(अ) इयॉन मॉर्गन
(ब) केन विलियम्सन
(स) रोहित शर्मा
(द) बाबर आजम

14. **कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में कितने खेल शामिल किए गए हैं?**
(अ) 18 (ब) 20
(स) 22 (द) 26

15. **वर्ष 2019 में किस क्लब ने फीफा क्लब वर्ल्डकप जीता था?**
(अ) लिवरपूल
(ब) बायर्न म्युनिख
(स) रियल मैड्रिड
(द) चेल्सी

16. **डॉल्फिन किक टर्म किस खेल से संबंधित है?**
(अ) आईस हॉकी (ब) तैराकी
(स) जूडो (द) कुश्ती

17. **मैरी कॉम ने किस वर्ष एशियाई खेलों में मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक जीता था?**
(अ) वर्ष 2006 (ब) वर्ष 2010
(स) वर्ष 2014 (द) वर्ष 2018

18. **रवि दाहिया और दीपक पूनिया किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) कुश्ती (ब) मुक्केबाजी
(स) एथेलेटिक्स (द) निशानेबाजी

19. **वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं?**
(अ) युवराज सिंह
(ब) कीरोन पोलार्ड
(स) रवि शास्त्री
(द) हर्शल गिब्स

20. **भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं?**
(अ) सुनील गावस्कर
(ब) सीके नायडू
(स) लाला अमरनाथ
(द) विजय हजारे

21. **वर्ष 2021 में किस देश ने कोपा अमेरिका फुटबॉल कप जीता है?**
(अ) ब्राजील
(ब) अर्जेंटीना
(स) उरूग्वे
(द) कोलंबिया

22. **वर्ष 2024 में कौन-सा शहर ओलिंपिक खेलों की मेजबानी करेगा?**
(अ) पेरिस (ब) म्युनिख
(स) ब्रिस्बेन (द) लॉस एंजेलिस

23. **गगन नारंग ने किस वर्ष ओलिंपिक खेलों में कांस्य पदक जीता था?**
(अ) वर्ष 2008
(ब) वर्ष 2012
(स) वर्ष 2016
(द) इनमें से कोई नहीं

24. **इस वर्ष थाईलैंड ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला एकल वर्ग की विजेता हैं?**
(अ) नोजोमी ओकुहारा
(ब) आन से यंग
(स) ताई जू यिंग
(द) चेन यूफेई

25. **वर्ष 2019 में फीफा वूमेंस वर्ल्डकप किस देश में आयोजित किया गया था?**
(अ) फ्रांस (ब) कनाडा
(स) स्वीडन (द) पोलैंड

उत्तर

1. (स), 2. (द), 3. (अ), 4. (ब), 5. (स), 6. (ब), 7. (अ), 8. (द), 9. (अ), 10. (ब), 11. (स), 12. (द), 13. (स), 14. (ब), 15. (अ), 16. (ब), 17. (स), 18. (अ), 19. (द), 20. (स), 21. (ब), 22. (अ), 23. (ब), 24. (स), 25.(अ)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

- **Fill in the blanks with suitable articles. (Question Nos. 1 to 5)**

1. Arun is going to visit ..... Oxford University.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

2. He drinks ..... coffee every morning.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

3. This news was published in ..... Times of India.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

4. Randhir likes .... painting.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

5. Ram buys ..... chocolate for his sister daily.
(a) a (b) an
(c) the (d) No article

- **Fill the blank spaces with suitable prepositions. (Question Nos. 6 to 12)**

6. We have been waiting ..... him since 10 o'clock.
(a) to (b) by
(c) on (d) for

7. Raja and his family lived in New Delhi ..... twelve years.
(a) since (b) by
(c) from (d) for

8. What are you laughing ..... ?
(a) of (b) on
(c) with (d) at

9. Children are fond ..... sweets and cakes.
(a) off (b) at
(c) of (d) for

10. The patient is admitted ..... the hospital.
(a) at (b) with
(c) to (d) in

11. This bungalow belongs ..... Sharma family.
(a) with (b) into
(c) of (d) to

12. The college adopted a new set ..... rules.
(a) with (b) for
(c) on (d) of

- **Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question Nos. 13 to 18)**

13. Hari ..... to the office at 10.30 am daily.
(a) was reaching
(b) reached
(c) reaches
(d) has reached

14. Ram ..... a new business next month.
(a) starts
(b) has started
(c) is started
(d) will start

15. Geeta ..... at the post office since 2014.
(a) is working
(b) has been working
(c) has worked
(d) works

16. So far, Radhika ..... four Indian languages.
(a) is learning
(b) had been learned
(c) had learned
(d) has learned

17. He ..... his house in Chandigarh last year.
(a) had sold (b) sold
(c) has sold (d) sells

18. Fortune ..... the brave.
(a) is favouring
(b) favours
(c) has favoured
(d) was favouring

- **Change the Voice. (Question Nos. 19 to 25)**

19. He plays video games.
(a) Video games are being played by him.
(b) Video games are playing by him.
(c) Video games are played by him.
(d) Video games played by him.

20. Twenty people were booked in the case by the police.
(a) The police are booked in the case by twenty people.
(b) The police in the case book twenty people.
(c) The police booked twenty people in the case.
(d) The police books in the case twenty people.

21. The advocate submitted evidences in the court.
(a) The court is submitted evidences by the advocate.
(b) Evidences were submitted in the court by the advocate.
(c) The court evidences were been submitted by the advocate.
(d) In the court, the advocate had submitted the evidences.

22. Pay the food bill.
(a) You are requested to pay the food bill.
(b) Let the food bill be paid.
(c) You should pay the food bill.
(d) You must pay the bill for food.

23. You are requested to pay the rent.
(a) Let the rent be paid.
(b) Pay the rent please.
(c) You must pay the rent.
(d) Shouldn't you pay the rent.

24. Sanjay will do the project work.
(a) The project will be done by working Sanjay.
(b) The project work will do by Sanjay.
(c) The project work will be done by Sanjay.
(d) The project work will be did by Sanjay.

25. Her love and affection changed my life.
(a) My life has been changed by her love and affection.
(b) My life is changed by love and affection of her.
(c) Her love is changing my life completely.
(d) My life was changed by her love and affection.

- **Idioms and phrases. (Question Nos. 26 to 30)**

26. To nip in the bud.
(a) Blossom in its way.
(b) A journey of bud to flower.
(c) To put an end to something in its early stage.
(d) Allow to do any action freely.

27. Playing ducks and drakes.
(a) To use wisely.
(b) To use recklessly.
(c) Doesn't allow to use anything.
(d) To play with ducks and drakes.

28. A house of cards.
(a) No danger in something.
(b) Safe and secure situation.
(c) An insubstantial or insecure situation.
(d) Make a house of cards.

29. Look after
(a) Look beyond something.
(b) Take care of someone.
(c) Frame opinion after looking.
(d) After looking.

30. Run after
(a) Chase someone or something.
(b) To take part in race.
(c) Stop chasing someone or something.
(d) Allow others to run first.

- **Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question Nos. 31 to 35)**

31. Morbid
(a) Moody (b) Dark
(c) Cheerful (d) Gloomy

32. Placid
(a) Calm (b) Turbulent
(c) Meek (d) Tranquil

33. Succinct
(a) Concise (b) Lengthy
(c) Precise (d) Terse

34. Potent
(a) Sterile (b) Effective
(c) Powerful (d) Heady

35. Feeble
(a) Frail (b) Weak
(c) Shabby (d) Robust

- **Synonym (Question Nos. 36 to 40)**

36. Benign
(a) Strenuous
(b) Malignant
(c) Cruel
(d) Friendly

37. Desist
(a) Increase
(b) Cease
(c) Commence
(d) Begin

38. Jester
(a) Parody
(b) Tragi-comic
(c) Comic
(d) Tragic

39. Ecstasy
(a) Calmness
(b) Shame
(c) Delight
(d) Sad

40. Retard
(a) Pace up
(b) Petite
(c) Speed up
(d) Hamper

- **One word substitution (Question Nos. 41 to 45)**

41. A disease prevalent widely at a particular time.
(a) Fever
(b) Deadly disease
(c) Cancer
(d) Epidemic

42. A person who has strange habits.
(a) Docile (b) Eccentric
(c) Habitual (d) Indolent

43. Release someone from a duty.
(a) Abdication
(b) Axiom
(c) Exonerate
(d) None of these

44. An imaginary ideal society free of suffering and poverty.
(a) Anarchy
(b) Dictatorship
(c) Utopia
(d) Democracy

45. The killing of a race.
(a) Suicide (b) Homicide
(c) Genocide (d) Battle

- **In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Questions 46 to 50)**

46. (a) Apparel (b) Apperel
(c) Aparel (d) Appareel

47. (a) Canstitution
(b) Constitusion
(c) Constitution
(d) Constitusan

48. (a) Desertation
(b) Disertation
(c) Dissartation
(d) Dissertation

49. (a) Mythilogy
(b) Mythalogy
(c) Mithology
(d) Mythology

50. (a) Cantemporary
(b) Contemporary
(c) Contamporary
(d) Contamprary

ANSWERS

1. d, 2. d, 3. c, 4. d, 5. a, 6. d, 7. d, 8. d, 9. c, 10. d, 11. d, 12. d, 13. c, 14. d, 15. b, 16. d, 17. b, 18. b, 19. c, 20. c, 21. b, 22. b, 23. b, 24. c, 25. d, 26. c, 27. b, 28. c, 29. b, 30. a, 31. c, 32. b, 33. b, 34. a, 35. d, 36. d, 37. b, 38. c, 39. c, 40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. c, 45. c, 46. a, 47. c, 48. d, 49. d, 50. b.

EXPLANATION

1. No article is used before the names of university hence option 'D' is correct answer.
2. Before the names of material noun, no article is used.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

'द्वार प्रदाय' योजना में पारदर्शिता से पहुंचेगी खाद्यान्न सामग्री

भोपाल, नागरिक आपूर्ति निगम 'द्वार प्रदाय' योजना में वेयरहाउस गोदामों से उचित मूल्य दुकान पर खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को पारदर्शिता के साथ और अधिक चुस्त-दुरुस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा अनुबंधित 1500 ट्रकों में से 1200 ट्रकों पर खाद्यान्न वितरण विवरण लिखा गया है।

प्रमुख सचिव खाद्य श्री फैज अहमद किदवई ने बताया कि गोदामों से उचित मूल्य दुकान तक खाद्यान्न ले जाने के दौरान अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इसके दृष्टिगत निगम में अनुबंधित सभी ट्रकों पर योजना का नाम, जिले का नाम, सेक्टर और अनुबंधित वाहनकर्ता का नाम एवं मोबाइल नंबर स्थाई रूप से लिख दिया गया है। इससे खाद्यान्न सामग्री को उसी दुकान पर उतारा जाये, जहां के लिये भेजी गई है।

रास्ते में किसी आमजन को वाहन में किसी प्रकार की गड़बड़ी या आशंका नजर आती है तो ट्रक पर लिखे विवरण के आधार पर शिकायत कर सकता है।

प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम श्री तरुण पिथौड़े ने बताया कि ट्रकों पर इस प्रकार जानकारी लिखे होने से खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता के साथ वितरण कार्य में लगे ट्रकों की पृथक से पहचान हो सकेगी। साथ ही अनियमितता को रोकने के लिये यह एक प्रभावी पहल सावित होगी। आमजन जागरूक नागरिक के रूप में शासकीय सम्पत्ति को सुरक्षित करने में सहभागी बन सकेंगे।

केंद्र सरकार द्वारा खनिज विकास पुरस्कारों की श्रेणी में मध्यप्रदेश का चयन

नई दिल्ली, केंद्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश को खनिज विकास के लिए अपनाई जा रही नीतियों और उल्लेखनीय कार्यों के लिए नई दिल्ली में होने वाले 6वें नेशनल कॉनक्लेव में पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार मध्यप्रदेश के खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने ग्रहण किया।

इस नेशनल कॉनक्लेव में खनिज नीलामी प्रक्रिया को सफलता से क्रियान्वित करने के लिए राज्य सरकारों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कॉनक्लेव का उद्घाटन केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने किया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह मुख्य अतिथि थे।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2015 से केंद्रीय अधिनियम में किये गये संशोधन के बाद मुख्य खनिजों के ब्लॉकों को नीलामी के माध्यम से आवंटन की पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा इस दिशा में शीघ्रता से कार्य करते हुए नीलामी प्रक्रिया शुरू कर अब तक 52 मुख्य खनिजों के खनिज ब्लॉक की नीलामी की जा चुकी है। हीरा, चूना पत्थर, मैंगनीज, बॉक्साइट, आयरन और रॉक फास्फेट आदि खनिज के ब्लॉक शामिल हैं। इनमें से 27 खनिज ब्लॉक सफलता से नीलाम हो चुके है। नीलामी के बाद खदान संचालित होने पर आगामी 50 वर्षों में राज्य शासन को 47 हजार 219 करोड़ रुपये का राजस्व संभावित होगा। प्रदेश में आगामी चरण में मुख्य खनिजों के 27 ब्लॉकों की नीलामी की कार्यवाही प्रचलन में है।

निर्वाचन ड्यूटी के दौरान मृत्यु पर मिलने वाली अनुग्रह राशि में वृद्धि

भोपाल, सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने बताया है कि नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन में निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारियों की मृत्यु पर दी जाने वाली अनुग्रह राशि में वृद्धि की गई है। अब साधारण मृत्यु होने पर 8 लाख के स्थान पर 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। इसी तरह निर्वाचन के समय हिंसक गतिविधियों के दौरान होने वाली मृत्यु पर 15 लाख के स्थान पर 20 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी।

अशक्तता के प्रकरणों में सामान्य परिस्थिति में 4 लाख रुपये और हिंसक गतिविधियों के दौरान अशक्तता पर 7 लाख 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

हिन्दी

निम्न गद्यांश को पढ़कर सही प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए?

नोट : लोगों को यह कहते सुना जाता है कि एक और एक दो होते हैं। परन्तु एक लोकोक्ति है 'एक और एक ग्यारह' इस कथन का अभिप्राय है कि एकता में शक्ति होती है। जब दो व्यक्ति एक साथ मिलकर प्रयास करते हैं तो उनकी शक्ति कई गुना हो जाती है। मनुष्य सामाजिक प्राणी है। समाज अलग-अलग इकाइयों का समूहबद्ध रूप है, जिसमें हर इकाई समाज को शक्तिशाली बनाती है। व्यक्ति रूप में एक व्यक्ति का कोई महत्व नहीं, परन्तु समष्टि रूप में वह समाज की एक इकाई है। बाढ़ से बचने के लिए जब एक अंधे और लंगड़े में सहयोग हुआ तो अंधे को लंगड़े की आंख तथा लंगड़े को अंधे की टागें मिल गई और दोनों बच गए। एकता में बड़ी शक्ति है। जो समाज एकता के सूत्र में बंधा नहीं रहता उसका पतन अवश्य भावी है। भारत की परतंत्रता इसी फूट का परिणाम थी। जब भारतवासियों ने मिलकर आजादी के लिए संघर्ष किया तो अंग्रेजों को यहाँ से भागना पड़ा। गणित में शून्य के प्रभाव से अंक दस गुना हो जाते हैं। अतः समाज का हर व्यक्ति सामूहिक रूप से समाज की रीढ़ की हड्डी होता है।

1. लोकोक्ति के अनुसार एक और एक ग्यारह क्यों होते हैं?
(A) ग्यारह को एक और एक कहते हैं।
(B) एकता में बल होने से।
(C) एक और एक को आमने-सामने रखने से।
(D) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (B) एकता में बल होने से।

2. गद्यांश में आए व्यक्ति शब्द से लेखक का आशय है?
(A) समूह
(B) इकाई
(C) A और B दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (C) A और B दोनों

3. गणित में शून्य का क्या महत्व है?
(A) ग्यारह हो जाते हैं
(B) अंक दस गुने हो जाते हैं
(C) A और B दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (B) अंक दस गुने हो जाते हैं

4. समाज में यदि लोग मिलजुल कर न रहें तो उसका क्या अंजाम हो सकता है?
(A) वह समाप्त हो सकता है
(B) उसका पतन हो सकता है
(C) वह आजाद हो सकता है
(D) वह शक्तिशाली नहीं रहता है
उत्तर - (B) उसका पतन हो सकता है

5. इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है?
(A) सहयोग की भावना
(B) समाज की इकाई
(C) शक्तिशाली भारत
(D) एकता में शक्ति
उत्तर - (D) एकता में शक्ति

6. 'आ' उपसर्ग किस शब्द में नहीं है?
(A) आयात (B) आहत
(C) आदर (D) आहार
उत्तर - (C) आदर

7. दुर उपसर्ग युक्त शब्द छांटिए?
(A) दुधिया (B) दुर्दशा
(C) दुधारू (D) दुपहरिया
उत्तर - (B) दुर्दशा

8. भिक्षुक का सही विकल्प है?
(A) भिक्ष + उक
(B) भिक्षा + अक
(C) भिक्षु + क
(D) भिक्षा + उक
उत्तर - (D) भिक्षा + उक

9. 'संकल्प' शब्द में कौनसा उपसर्ग है?
(A) सत् + कल्प
(B) सम् + कल्प
(C) संक् + अल्प
(D) स + कल्प
उत्तर - (B) सम् + कल्प

10. 'अनीय' प्रत्यय किस शब्द में नहीं है?
(A) भवदीय (B) कथनीय
(C) पठनीय (D) दर्शनीय
उत्तर - (A) भवदीय

11. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'इया' प्रत्यय नहीं लगा?
(A) डिबिया (B) लुटिया
(C) चूड़ियां (D) बिटिया
उत्तर - (C) चूड़ियां

12. नजाकत शब्द के हिन्दी पर्यायवायी है?
(A) सम्मान, तहजीब
(B) शिष्टता, सम्मान
(C) बढ़िया, स्वच्छता
(D) कोमलता, नम्रता
उत्तर - (D) कोमलता, नम्रता

13. कौनसा शब्द अजेय का पर्यायवाची नहीं है?
(A) अजित (B) अपराजेय
(C) अनुकूल (D) अपराजित
उत्तर - (C) अनुकूल

14. किस वर्ग के सभी शब्द पर्यायवाची नहीं हैं?
(A) वन, जंगल कानन
(B) नेत्र, लोचन, प्रयोजन
(C) देवलोक, अमरावती, अलकापुरी
(D) पर्वत, पहाड़, भूधर
उत्तर - (B) नेत्र, लोचन, प्रयोजन

15. 'अग्नि' शब्द का कौन-सा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
(A) आग (B) अनल
(C) नग (D) पावक
उत्तर - (C) नग

16. 'बर्फ' शब्द के लिए कौनसा शब्द पर्यायवाची है?
(A) कच (B) धन
(C) हिम (D) मधु
उत्तर - (C) हिम

17. 'इन्द्र' शब्द का कौनसा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
(A) देवेन्द्र (B) सुरेश
(C) निशाचर (D) पुरंदर
उत्तर - (C) निशाचर

18. 'सिंह' का जो शब्द पर्यायवाची नहीं है, उसे चुनिए?
(A) केसरी (B) शेर
(C) हस्ती (D) वनराज
उत्तर - (C) हस्ती

19. 'कनक' शब्द का कौनसा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
(A) सोना (B) स्वर्ण
(C) कर्ण (D) कंचन
उत्तर - (C) कर्ण

20. 'आकर्षण' शब्द का विलोभार्थी है?
(A) विकर्षण (B) अचेतन
(C) घर्षण (D) सदाचरण
उत्तर - (A) विकर्षण

21. ईमानदार का विलोम शब्द है?
(A) उऋणी (B) ईर्ष्या
(C) बेइमान (D) प्रशंसनीय
उत्तर - (C) बेइमान

22. 'निर्गुण' का विलोभार्थी है?
(A) अवगुण (B) सगुण
(C) भवगुण (D) जगुण
उत्तर - (B) सगुण

23. 'मैं आज नहीं पढ़ूंगा' कौनसा वाक्य है?
(A) निषेध वाचक वाक्य
(B) विधि वाचक वाक्य
(C) आज्ञा वाचक वाक्य
(D) संकेत वाचक वाक्य
उत्तर - (A) निषेध वाचक वाक्य

24. 'ओह, यह पिट ही गया' कौनसा वाक्य है?
(A) विधि वाचक वाक्य
(B) विस्मय वाचक वाक्य
(C) संकेत वाचक वाक्य
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (B) विस्मय वाचक वाक्य

25. 'यदि तुम चलो तो मैं भी चलू' कौनसा वाक्य है?
(A) विस्मय वाचक वाक्य
(B) आज्ञावाचक वाक्य
(C) संकेत वाचक वाक्य
(D) निषेधवाचक वाक्य
उत्तर - (C) संकेत वाचक वाक्य

26. 'तुम अपने काम में सफल रहो' कौनसा वाक्य है?
(A) इच्छा वाचक वाक्य
(B) संदेह वाचक वाक्य
(C) विधि वाचक वाक्य
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (A) इच्छा वाचक वाक्य

27. 'रसभरा' कौनसा तत्पुरुष समास है?
(A) कर्म तत्पुरुष
(B) करण तत्पुरुष
(C) संप्रदान तत्पुरुष
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (B) करण तत्पुरुष

28. 'स्वर्ग प्राप्त' कौनसा तत्पुरुष समास है?
(A) कर्म - तत्पुरुष
(B) करण - तत्पुरुष
(C) संप्रदान - तत्पुरुष
(D) संबंध - तत्पुरुष
उत्तर - (A) कर्म - तत्पुरुष

29. 'वीणा पाणि' कौनसा समास है?
(A) करण तत्पुरुष समास
(B) कर्म धारय समास
(C) बहुब्रीहि समास
(D) द्वंद्व समास
उत्तर - (C) बहुब्रीहि समास

30. दुअत्री कौनसा समास है?
(A) अव्ययीभाव समास
(B) कर्म धारय समास
(C) बहुब्रीहि समास
(D) द्विगु समास
उत्तर - (D) द्विग समास

31. निम्नलिखित में अशुद्ध शब्द है?
(A) ईर्ष्या (B) अनुकूल
(C) आशीर्वाद (D) नछत्र
उत्तर - (D) नछत्र

32. निम्नलिखित में से इच्छा का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(A) लिप्सा (B) कामना
(C) यातना (D) स्पृहा
उत्तर - (C) यातना

33. इनमें से कौनसा शब्द संज्ञा से बना हुआ विशेषण है?
(A) कृपा (B) जाति
(C) नमक (D) कुलीन
उत्तर - (D) कुलीन

34. 'पेड़ से फल गिरा' इस वाक्य में से किस कारक की विभक्ति है?
(A) सम्बन्ध (B) अपादान
(C) सम्प्रदान (D) अधिकरण
उत्तर - (B) अपादान कारक

35. 'वह कुल्हाड़ी से वृक्ष काटता है' इस वाक्य में से किस कारक की विभक्ति है?
(A) अधिकरण (B) सम्प्रदान
(C) करण (D) अपादान
उत्तर - (C) करण कारक

36. क्या आप जा रहे हैं। 'क्या' में कौनसा निपात है?
(A) अवधारण बोधक
(B) प्रश्न बोधक
(C) आदर बोधक
(D) तुलना बोधक
उत्तर - (B) प्रश्न बोधक

37. 'झूठ मत बोलो' इस वाक्य में 'मत' कौनसा निपात है?
(A) सीमा बोधक
(B) अवधारणा बोधक
(C) तुलना बोधक
(D) निषेध बोधक
उत्तर - (D) निषेध बोधक

38. 'काश! आज वर्षा होती।' इस वाक्य में 'काश' कौनसा निपात है?
(A) आदर बोधक
(B) सीमा बोधक
(C) विस्मयादि बोधक
(D) अवधारण बोधक
उत्तर - (C) विस्मयादि बोधक

39. निपात कितने प्रकार के होते हैं?
(A) 5 (B) 7
(C) 8 (D) 9
उत्तर - (D) 9

40. 'उर्वरा' शब्द के लिए वाक्यांश है?
(A) उसर भूमि
(B) समतल भूमि
(C) बंजर भूमि
(D) उपजाऊ भूमि
उत्तर - (D) उपजाऊ भूमि

41. 'व्याकरण जानने वाला' वाक्य के लिए एक शब्द है?
(A) व्याकरण विशेषज्ञ
(B) व्याकरण पंडित
(C) वैयाकरण
(D) व्याकरण ज्ञाता
उत्तर - (C) वैयाकरण

42. 'गाल बजाना' मुहावरे का अर्थ है?
(A) पिटाई करना
(B) गाली देना
(C) डींग हाकना
(D) क्रोधित होना
उत्तर - (C) डींग हाकना

43. दयानंद में प्रयुक्त संधि का नाम है?
(A) गुण संधि
(B) व्यंजन संधि
(C) दीर्घ संधि
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (C) दीर्घ संधि

44. निम्नलिखित में कौनसा शब्द वृद्धि संधि का उदाहरण नहीं है?
(A) सदैव (B) परमोदार्य
(C) गुरूपदेश (D) जलौध
उत्तर - (C) गुरूपदेश

45. इनमें से कौन स्वर संधि का उदाहरण है?
(A) संयोग (B) पवन
(C) नमस्कार (D) मनोहर
उत्तर - (B) पवन

46. उत + हार के योग से कौनसा शब्द बनेगा?
(A) उतार (B) उद्धार
(C) उदार (D) आहार
उत्तर - (B) उद्धार

47. 'पर्यावरण' का सही संधि विच्छेद है?
(A) पर्या + वरण
(B) परिधि + आवरण
(C) परिध + आवरण
(D) परि + आवरण
उत्तर - (D) परि + आवरण

48. अनुनासिक का संबंध होता है?
(A) केवल मुंह से
(B) नाक और मुंह दोनों से
(C) केवल नाक से
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (B) नाक और मुंह दोनों से

49. अनुनासिक व्यंजन कौनसे होते हैं?
(A) वर्ग के तृतीयाक्षर
(B) वर्ग के प्रथमाक्षर
(C) वर्ग के पंचमाक्षर
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (C) वर्ग के पंचमाक्षर

50. हिन्दी वर्णमाला में स्वरों की संख्या है?
(A) 8 (B) 9
(C) 11 (D) 14
उत्तर - (C) 11

-डॉ. राममनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल, के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

उपभोक्ता अपना मोबाइल नंबर कंपनी की बिलिंग प्रणाली में दर्ज कराएं

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है वे अपने मोबाइल नंबर को कंपनी की बिलिंग प्रणाली में पंजीकृत कराएं और अनेक सुविधाओं का लाभ उठाएं। कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं, जिनके मोबाइल नंबर कंपनी की बिलिंग प्रणाली में दर्ज हैं, को बिजली बिल एवं रीडिंग की जानकारी के साथ ही विद्युत संबंधी अन्य जरूरी सूचनाएं एवं जानकारी एसएमएस से प्रेषित की जा रही हैं। कंपनी ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा घर के नजदीक बिजली कार्यालय में जाकर अपना मोबाइल नंबर बिलिंग प्रणाली में दर्ज कराएं और सुविधाओं का लाभ लें। मीटर रीडर के द्वारा भी रीडिंग दर्ज करने के दौरान मोबाइल नंबर दर्ज किए जा रहे हैं।

मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड कराने के फायदे

- बिजली बिल एवं रीडिंग की जानकारी मिलेगी।
- बिल जमा करने का एसएमएस आयेगा।
- बिजली योजनाओं की जानकारी मिलेगी।
- बिल की जानकारी मोबाइल पर एसएमएस से मिलेगी।
- रख-रखाव के लिए बिजली बंद होने की सूचना मिलेगी।
- उपभोक्ता हित की अन्य जरूरी सूचनाएं मिलेंगी।
- अंतिम देय तिथि की जानकारी मिलने से बिजली बिलों का समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा।
- पंजीकृत मोबाइल से विद्युत समस्या की शिकायत दर्ज करने पर मात्र आधा मिनिट में ही शिकायत दर्ज हो जाएगी।

खेल चर्चा

अर्जुन ने निशानेबाजी विश्वकप में जीता स्वर्ण पदक

चांगवोंग, भारत के युवा निशानेबाज अर्जुन बबूता ने दक्षिण कोरिया के चांगवोंग में आयोजित आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक जीता है। अर्जुन ने विश्वकप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में टोक्यो ओलिंपिक के रजत पदक विजेता लुकास कोजेंस्की को 17-9 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। स्पर्धा में भारत के पार्थ मखीजा ने भी शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन वे चौथे स्थान पर रहे। अर्जुन का सीनियर लेवल पर यह पहला स्वर्ण पदक है। इससे पहले अर्जुन ने वर्ष 2016 में अजरबैजान में आयोजित जूनियर निशानेबाजी विश्वकप में स्वर्ण पदक जीता था।

चार्ल्स लेकलर्क बने ऑस्ट्रियन ग्रांप्री के विजेता

स्पीलबर्ग, मोनाको के युवा कार रेसर चार्ल्स लेकलर्क ऑस्ट्रियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस के चैंपियन बन गये हैं। लेकलर्क ने मौजूदा विश्व चैंपियन मैक्स वर्स्टापेन को पछाड़कर ऑस्ट्रियन ग्रांप्री का खिताब जीता है। टीम फेरारी के लेकलर्क ने 71 लैप की इस रेस को एक घंटा 24 मिनट 24.312 सेकेंड में पूरा किया। रेस में वर्स्टापेन दूसरे, लुईस हैमिल्टन तीसरे, जॉर्ज रसेल चौथे तथा एस्टाबेन ओकेन पांचवें स्थान पर रहे। रेस में वर्स्टापेन ने पोल पोजिशन से शुरुआत की, लेकिन वे अपनी लय बरकरार नहीं रख पाये। लेकलर्क ने शुरुआत से ही बढ़त हासिल कर ली थी, हालांकि रेस के आखिरी क्षणों में उन्हें कुछ तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा, इसके बावजूद लेकलर्क रेस जीतने में सफल रहे। ये लेकलर्क के कॅरियर की पांचवीं जीत है। इनमें से तीन जीत लेकलर्क ने इसी सत्र में दर्ज की हैं। लेकलर्क इस वर्ष ड्राइवर्स स्टैंडिंग में वर्स्टापेन के बाद दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

यूकी और साकेत की जोड़ी ने जीता पोर्टो चैलेंजर टूर्नामेंट

पोर्टो, भारत के यूकी भांबरी और साकेत माइनेनी की जोड़ी ने पुर्तगाल में पोर्टो चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। यूकी और साकेत की जोड़ी ने पुरुष युगल वर्ग के फाइनल में नूनो बोर्गेस और फ्रांसिस्को काबरल की जोड़ी को 6-4, 3-6 (10-6) से हराया। यूकी और साकेत की जोड़ी का यह इस सत्र में तीसरा और कुल पांचवां आईटीएफ चैलेंजर खिताब है। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब तुर्की के अल्तुग सेलिकबिलेक ने ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओकोनेल को हराकर जीता।

अभिषेक और ज्योति की जोड़ी ने विश्व खेलों में जीता कांस्य

अल्बामा, भारत के अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेनाम की जोड़ी ने अमेरिका में आयोजित विश्व खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुये कांस्य पदक जीता है। अभिषेक और ज्योति की जोड़ी ने तीरंदाजी की मिश्रित कंपाउंड टीम स्पर्धा के कांस्य पदक प्ले ऑफ मुकाबले में मैक्सिको के आंद्रिया बेकेरा और मिगुएल बेकेरा की जोड़ी को 157-156 से हराया। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक कोलंबिया के डेनियल मुनोज और सारा लोपेज की जोड़ी ने जीता, वहीं माइक स्कोल्सर और जोडी बेकर्स की डच जोड़ी ने रजत पदक जीता। उल्लेखनीय है कि विश्व खेलों में भारत ने नौ वर्ष बाद कोई पदक जीता है। भारत ने इन खेलों के इतिहास में अब तक पांच पदक जीते हैं।

विम्बलडन-2022

नोवाक जोकोविच ने सातवीं बार जीता खिताब

लंदन, सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने विम्बलडन का खिताब अपने नाम किया है। जोकोविच ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराया। जोकोविच ने सातवीं बार विम्बलडन खिताब जीता है।

किर्गियोस पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे थे। सेमीफाइनल में किर्गियोस की भिड़ंत राफेल नडाल से होनी थी, लेकिन नडाल चोटिल होने के कारण मैच से हट गये थे। वहीं जोकोविच ने सेमीफाइनल में कैमरन नॉरी को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

फाइनल मुकाबले में निक किर्गियोस ने शानदार शुरुआत कर जोकोविच पर दबाव बनाया और 6-4 से सेट जीत लिया। इसके बाद जोकोविच ने बेहतरीन वापसी करते हुये दूसरा सेट 6-3 से अपने नाम किया। जोकोविच ने तीसरे सेट में भी आसानी से किर्गियोस पर जीत दर्ज की। चौथे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई, जिसमें जोकोविच ने 7-6 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा किया।

महिला वर्ग में रिबाकिना बनीं चैंपियन

विम्बलडन में महिला एकल वर्ग का खिताब कजाकिस्तान की युवा खिलाड़ी एलिना रिबाकिना ने जीता है। टूर्नामेंट के

फाइनल में रिबाकिना का सामना ट्यूनीशिया की ओन्स जबेउर से हुआ। दोनों खिलाड़ी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थीं। फाइनल में रिबाकिना ने जबेउर को 3-6, 6-2, 6-2 से हराया। रिबाकिना ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पहली कजाकिस्तानी खिलाड़ी हैं। ये रिबाकिना के टेनिस कॅरियर का तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब है।

टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब मैथ्यू एब्डेन और मैक्स पुर्सेल की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने जीता, वहीं महिला युगल वर्ग का खिताब चेक रिपब्लिक की बारबोरा क्रेजिकोवा और केटेरिना सिनियाकोवा की जोड़ी ने जीता। मिश्रित युगल वर्ग का खिताब नील स्कुपस्की और देसिरा क्रावस्की की जोड़ी ने अपने नाम किया।

- **नोवाक जोकोविच का यह 21वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब है।**
- **जोकोविच ने 9 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 7 विम्बलडन, 3 यूएस ओपन और 2 फ्रेंच ओपन खिताब जीते हैं।**
- **जोकोविच वर्ष 2011, 2014, 2015, 2018, 2019 और 2021 में भी विम्बलडन चैंपियन बन चुके हैं।**
- **जोकोविच ओपन एरा में चौथे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लगातार चार बार विम्बलडन खिताब जीता है।**
- **जोकोविच सर्वाधिक ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं।**
- **जोकोविच (21) से ज्यादा राफेल नडाल ने 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।**
- **जोकोविच ने ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के मामले में रोजर फेडरर (20) को पीछे छोड़ दिया है।**
- **जोकोविच ने सातवीं बार विम्बलडन जीतकर पीट सैम्प्रास की बराबरी की है।**
- **सबसे ज्यादा आठ बार विम्बलडन ग्रैंड स्लैम जीतने का रिकॉर्ड रोजर फेडरर के नाम दर्ज है।**
- **जोकोविच सबसे ज्यादा एटीपी खिताब जीतने के मामले में पांचवें स्थान पर हैं।**

राष्ट्रमंडल खेलों के लिये भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बर्मिंघम में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिये भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। 15 सदस्यीय टीम की कमान हरमनप्रीत कौर संभालेंगी, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान की जिम्मेदारी निभायेंगी। टीम में हरमनप्रीत और स्मृति के अलावा शेफाली वर्मा, एस. मेघना, तानिया भाटिया, यास्तिका भाटिया, हरलीन देओल, राजेश्वरी गायकवाड़, स्नेह राणा, जेमिमाह रोड्रिगेज, दीप्ति शर्मा, मेघना सिंह, रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकार और राधा यादव शामिल हैं। इनके अलावा सिमरन दिल बहादुर, ऋचा घोष और पूनम यादव को स्टैंड बाय खिलाड़ी के रूप में टीम में जगह मिली है।

अमन ने यूथ नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने यूथ नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने और दूसरी बार नेशनल चैंपियन बनने पर श्री अमन सिंह बिष्ट को बधाई दी है। चेन्नई में पांचवीं यूथ नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रदेश के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये 6 पदक अर्जित किये हैं। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी के श्री आनंद यादव, श्री आदर्श कटारे को रजत पदक और श्री योगेश्वर दत्त, श्री आयुष यादव और कुमारी खुशी सिंह को कांस्य पदक जीतने पर खिलाड़ियों और उनके कोच श्री रोशनलाल को शुभकामना देते हुये ट्वीट किया है कि 'आपका विजय रथ अविराम जारी रहे।

भारत का वेस्टइंडीज दौरा

वन-डे सीरीज के लिये शिखर धवन बने कप्तान

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वेस्टइंडीज दौरे पर तीन वन-डे मैचों की सीरीज के लिए 16 सदस्यीय भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज में सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि रविंद्र जडेजा टीम के उप कप्तान बने हैं। वहीं इस दौरे पर टीम के सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित के साथ ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वन-डे सीरीज के लिए आराम दिया गया है।

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ लिमिटेड ओवरों की सीरीज के तुरंत बाद वेस्टइंडीज के लिए रवाना होगी। सीरीज के यह तीनों मैच क्वींस पार्क ओवल पोर्ट ऑफ स्पेन, त्रिनिदाद में खेले जायेंगे।

बीसीसीआई ने कहा कि अभी सिर्फ वन-डे सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया गया है, जबकि ट्वेंटी-20 सीरीज के लिए

भारत का वेस्टइंडीज़ दौरा

पहला वनडे- 22 जुलाई
दूसरा वनडे- 24 जुलाई
तीसरा वनडे- 27 जुलाई
पहला ट्वेंटी-20- 29 जुलाई
दूसरा ट्वेंटी-20- 1 अगस्त
तीसरा ट्वेंटी-20- 2 अगस्त
चौथा ट्वेंटी-20- 6 अगस्त
पांचवां ट्वेंटी-20- 7 अगस्त

ऐलान बाद में होगा। पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज के लिए सीनियर खिलाड़ियों की वापसी हो सकती है।

वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय वन-डे टीम- शिखर धवन (कप्तान), रविंद्र जडेजा (उप कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, इशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

आन से यंग ने जीता मलेशिया मास्टर्स खिताब

क्वालालंपुर, दक्षिण कोरिया की शटलर आन से यंग ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुये खिताब अपने नाम किया है। यंग ने महिला एकल वर्ग के फाइनल में चीन की चेन यूफेई को 21-17, 21-5 से हराया।

फाइनल मैच के पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। यंग ने मैच की शुरुआत से ही यूफेई के खिलाफ आक्रामक रणनीति अपनाई। यंग ने लगातार अंक बंटोरकर यूफेई को दबाव में ला दिया, इसके बाद यूफेई ने भी शानदार पलटवार कर यंग को टक्कर दी। यंग पहले गेम के अंत में यूफेई के खिलाफ लगातार अंक अर्जित कर पहला गेम जीतने में सफल रहीं।

दूसरे गेम में टोक्यो ओलिंपिक की स्वर्ण पदक विजेता यूफेई से पलटवार की उम्मीद थी, लेकिन इसके उलट यूफेई ने दूसरे गेम में आसानी से हथियार डाल दिये। आन से यंग को दूसरा गेम जीतने में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने 21-5 से गेम और खिताब दोनों अपने नाम किया।

वारडोयो ने जीता पुरुष वर्ग का खिताब

मलेशिया मास्टर्स टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब इंडोनेशिया के चिको औरा वारडोयो ने जीता। वारडोयो ने टूर्नामेंट के फाइनल में हांगकांग के का लोंग एंगुस को 22-20, 21-15 से हराया।

- **आन से यंग का यह इस वर्ष दूसरा खिताब है।**
- **इससे पहले यंग कोरिया ओपन खिताब भी जीत चुकी हैं।**
- **यंग ने वर्ष 2021 में तीन खिताब जीते हैं।**

बेयरस्टो बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को जून-2022 के लिये आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड से नवाजा है। बेयरस्टो ने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुये तीन शतक बनाये थे, जिसकी बदौलत इंग्लैंड ने यह सीरीज 3-0 से जीती थी, वहीं बेयरस्टो ने इस महीने की शुरुआत में भारत के खिलाफ री शेड्यूल हुये पांचवें टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक बनाये हैं। आईसीसी ने जून-2022 महीने के लिये महिला वर्ग का आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड दक्षिण अफ्रीका की मेरीजेन कैप को दिया है। कैप ने पिछले माह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में 150 रनों की शानदार पारी खेली थी।

भारत-इंग्लैंड ट्वेंटी-20 सीरीज

भारत ने जीती लगातार चौथी सीरीज

नॉटिंघम, भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन करते हुये इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया। हालांकि सीरीज के तीसरे मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत ने सीरीज का पहला मैच 50 रन तथा दूसरा मैच 49 रन से जीता था। भारत ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ लगातार चौथी सीरीज जीती है।

तीसरे मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 215 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड के लिये डेविड मलान ने 39 गेंदों में 77 तथा लियाम लिविंगस्टोन ने 29 गेंदों में 42 रनों की आक्रामक पारी खेली। इनके अलावा जेसन रॉय (27) ने भी उपयोगी

पारी खेल इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही। भारत ने 31 रन के स्कोर तक ऋषभ पंत (1), विराट कोहली (11) और रोहित शर्मा (11) के विकेट खो दिये। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने यादगार पारी खेली। सूर्यकुमार ने श्रेयस अय्यर (28) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिये 119 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर मैच में भारत की वापसी कराई। अय्यर के आउट होने के बाद भी सूर्यकुमार ने उम्मीद नहीं छोड़ी और भारत को मैच में बनाये रखा। सूर्यकुमार ने 55 गेंदों में 117 रनों की बेहतरीन पारी खेली, लेकिन उनकी पारी भारत को जीत नहीं दिला पाई। भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 198 रन ही बना सकी।

- **सूर्यकुमार भारत के लिये ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक बनाने वाले पांचवें बल्लेबाज हैं।**
- **सूर्यकुमार से पहले सुरेश रैना, रोहित शर्मा, के.एल. राहुल और दीपक हुड्डा भी ट्वेंटी-20 क्रिकेट में शतक बना चुके हैं।**
- **रोहित ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 4 तथा राहुल ने 2 शतक बनाये हैं।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

• चिली के नजदीक •

महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके

चिली के नजदीक प्रशांत महासागर में ईस्टर द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.6 मापी गई। यह जानकारी यूरोपीय भूमध्य भूकंपीय केंद्र (ईएमएससी) ने दी। समाचार एजेंसी राइटर्स के मुताबिक, ईएमएससी ने बताया कि भूकंप का केंद्र 33 किमी (20.5 मील) की गहराई पर था। चिली के राष्ट्रीय आपातकालीन कार्यालय (ओएनइएमआई) ने कहा कि गनीमत है कि भूकंप ने चिली के तटों पर सुनामी की स्थिति पैदा नहीं की। ओएनइएमआई के एक प्रवक्ता निकोलस वांदा ने कहा कि फिलहाल नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। प्रवक्ता ने बताया कि वालपराइसो में एजेंसी का कार्यालय द्वीप के संपर्क में था। वांदा ने कहा कि भूकंप द्वीप के उत्तर-पश्चिम में 699 किमी (430 मील) दूर था।

बाबा वैद्यनाथ धाम परियोजना का लोकार्पण

राज्यों के विकास से राष्ट्र का विकास हम इसी सोच के साथ काम कर रहे हैं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देवघर में 16 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा वैद्यनाथ के आशीर्वाद से आज 16 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। इनसे झारखंड की आधुनिक कनेक्टिविटी, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आस्था और पर्यटन को बहुत अधिक बल मिलने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यों के विकास से राष्ट्र का विकास, देश पिछले 8 वर्षों से इसी सोच के साथ काम कर रहा है। पिछले 8 वर्षों में हाईवेज, रेलवेज, एयरवेज, वाटरवेज, हर प्रकार से झारखंड को कनेक्ट करने के प्रयास में भी यही सोच, यही

- **प्रधानमंत्री ने बाबा वैद्यनाथ धाम को सीधा हवाई संपर्क प्रदान करने के लिए देवघर हवाई अड्डे का उद्घाटन किया।**
- **एम्स देवघर में इन-पेशेंट विभाग एवं ऑपरेशन थियेटर सेवाओं का लोकार्पण भी किया गया।**

भावना सर्वोपरि रही है। इन सभी सुविधाओं का राज्य के आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार कनेक्टिविटी के साथ-साथ देश में आस्था और अध्यात्म से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों पर सुविधाओं के निर्माण पर भी ध्यान दे रही है। प्रसाद योजना के तहत बाबा वैद्यनाथ धाम में भी आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया गया है। इस प्रकार जब संपूर्णता की सोच से काम होता है तो पर्यटन के रूप में समाज के हर वर्ग, हर क्षेत्र को आय के नए साधन मिलते हैं और इनसे नई सुविधाएं नए अवसर पैदा होते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश कर विकास के, रोजगार-स्वरोजगार के नए रास्ते खोजे जा रहे हैं। उन्होंने झारखंड के लिए इन पहलों के लाभों के बारे में चर्चा करते हुए कहा, हमने विकास की आकांक्षा पर बल दिया है, आकांक्षी जिलों पर फोकस किया। उन्होंने कहा, सरकार ने पिछले 8 वर्षों में नल का पानी, सड़क और गैस कनेक्शन लाने के लिए मिशन मोड में काम किया है।

प्रधानमंत्री ने 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की कई सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने क्षेत्र में लगभग 3,000 करोड़ रुपये की विभिन्न एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इसमें गेल की जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन का बोकारो-अंगुल खंड; बरही, हजारीबाग में एचपीसीएल का नया एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और बीपीसीएल के बोकारो एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र का लोकार्पण शामिल है। इसके अलावा, झरिया ब्लॉक में पर्वतपुर गैस कलेक्टिंग स्टेशन, ओएनजीसी के कोल बेड मीथेन (सीबीएम) एसेट का शिलान्यास किया गया।

अफगानिस्तान की महिला वकालत समूह ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों से सहायता के लिए किया आग्रह

अफगानिस्तान में स्थित एक महिला वकालत समूह ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों से अफगानिस्तान की आबादी को तुरंत मानवीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है जो देश में हालिया सशस्त्र संघर्षों के परिणामस्वरूप प्रभावित और विस्थापित हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मानवीय एजेंसियों को लिखे एक पत्र में, अफगान महिला वकालत समूह ने बलखब जिले जैसी जगहों पर तालिबान के हमलों के परिणामस्वरूप विस्थापित हुए अफगानों के बारे में अंतर्राष्ट्रीय सहायता एजेंसियों की निष्क्रियता के बारे में चिंता व्यक्त की। अफगान महिला वकालत समूह के अनुसार, प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मानवीय एजेंसियों के रूप में OCHA और ICRC को सर-ए-पुल के बखाव जिले और बगलान प्रांत के पंजशीर और अंदराब जिलों में हाल के सशस्त्र संघर्षों से प्रभावित और विस्थापित अफगान आबादी को तत्काल सहायता प्रदान करनी चाहिए। समूह ने भूकंप से प्रभावित अफगानों के लिए सहायता एजेंसियों के सामूहिक प्रयासों को स्वीकार किया, लेकिन तालिबान हमलों के परिणामस्वरूप विस्थापित हुए अफगानों के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय सहायता एजेंसियों की निष्क्रियता के बारे में चिंता जताई।

ज्ञात रहे कि अमेरिका, विश्व बैंक और अन्य दाताओं द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ अफगानिस्तान से उसकी विदेशी संपत्ति छीनने और वित्तीय सहायता तक पहुंच के परिणामस्वरूप, अगस्त 2021 के बाद अफगान की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। खाद्य असुरक्षा, कुपोषण और दवा की कमी के अलावा, अफगानिस्तान के 90 प्रतिशत लोग कुपोषण से पीड़ित हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे

जापान ने मरणोपरांत दिया देश का सर्वोच्च सम्मान

जापान की सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने का फैसला किया है। जापान के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री शिंजो आबे, युद्ध के बाद के संविधान के तहत अलंकरण प्राप्त करने वाले चौथे पूर्व प्रधानमंत्री होंगे। शिंजो आबे पर पिछले दिनों नारा शहर में उनके प्रचार भाषण के दौरान हमला किया गया था। 41 वर्षीय तेत्सुया यामागामी ने पीछे से राजनेता के पास जाकर करीब 10 मीटर (33 फीट) की दूरी से दो गोलियां चलाई थी। पुलिस ने कहा कि शिंजो आबे घायल

- **जापान के क्योडो न्यूज ने बताया कि आबे को गुलदाउदी का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त होगा।**

होने के तुरंत बाद होश में थे, लेकिन फिर अस्पताल लेकर जाने के दौरान उनकी स्थिति गंभीर हो गई। बाद में नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी अस्पताल ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने देश को अपने लाइव संबोधन में कहा, यह एक क्षमा योग्य कार्य नहीं है। फुमियो किशिदा ने आगे कहा कि शिंजो आबे को गोली मारने के पीछे के मकसद का पता नहीं चला है। जापानी पीएम ने सभी से अनुरोध किया कि वे इस समय किसी भी राजनीतिक प्रभाव के बारे में अटकलें न लगाएं।

शिंजो आबे को मरणोपरांत पुरस्कार के बारे में यह खबर जापान की सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा हाउस ऑफ काउंसिलर्स चुनाव में व्यापक जीत दर्ज करने के बाद आई है, जिससे संवैधानिक संशोधन बलों को देश के संविधान को संशोधित करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत को बनाए रखने में मदद मिली है, जो पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का एक अधूरा लक्ष्य था।

रूस ने

सभी यूक्रेनियों को सिटीजनशिप देने का किया आदेश

यूक्रेन में रूस का प्रभाव बढ़ाने के प्रयास के तहत रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के सभी लोगों को रूसी नागरिकता प्रदान करने के लिए त्वरित प्रक्रिया का विस्तार करते हुए एक आदेश पर हस्ताक्षर किए। अभी तक यूक्रेन के दोनेत्सक, लुहांस्क क्षेत्र के साथ दक्षिणी जापोरिजिया और खेरसान क्षेत्र के लोगों के लिए ही नागरिकता की प्रक्रिया सरल थी। इन इलाकों के बड़े हिस्से पर रूस का नियंत्रण है। पुतिन की घोषणा पर यूक्रेन के अधिकारियों ने कोई टिप्पणी नहीं की है।

वर्ष 2019 में नागरिकता देने की प्रक्रिया सबसे पहले दोनेत्सक और लुहांस्क के निवासियों के लिए शुरू की गई थी और इस साल विद्रोहियों के कब्जे वाले दोनों क्षेत्रों की करीब 18 प्रतिशत आबादी यानी 7,20,000 से ज्यादा लोगों को रूसी पासपोर्ट दिए गए। यूक्रेन पर हमले के तीन महीने बाद मई में जापोरिजिया और खेरसान क्षेत्र के बाशिंदों के लिए भी त्वरित प्रक्रिया की शुरुआत की गई। इन इलाकों में करीब एक महीने पहले लोगों को रूसी पासपोर्ट दिए गए।

खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनीहोबोव ने सोशल मीडिया टेलीग्राम पर कहा कि कई रॉकेट लॉन्चर के जरिए हमले किए गए और अस्पताल में भर्ती होने वालों

में 4 और 16 साल के बच्चे भी शामिल हैं। सिनीहोबोव ने कहा कि खारकीव में एक शॉपिंग सेंटर, एक आवास को निशाना बनाया गया। हमलों में कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में भी रूसी सैनिकों के हमले जारी हैं। लुहांस्क के गवर्नर सेरई हैदई ने कहा कि दोनेत्सक क्षेत्र की सीमा से लगी बस्तियों पर हमले किए गए।

रूस ने यूक्रेन युद्ध तेज करने की दी चेतावनी

चीन पर बढ़ते अमेरिकी दबाव के बीच रूस ने यूक्रेन युद्ध और तेज करने की चेतावनी दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा करने की अपील की।

पूर्वी यूक्रेन के डोनेस्क क्षेत्र में स्थित चैसिव यार शहर के पांच मंजिल भवन पर रूस की तरफ से किए गए राकेट हमले में 15 लोग मारे गए, जबकि 20 लोग उसके मलबे में फंस गए। क्षेत्रीय आपात सेवा ने बताया कि मलबे में फंसे लोगों को निकालने का काम जारी है। देश के कई मोर्चे पर यूक्रेनी सैनिक रूसी सेना को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। लुहांस्क प्रांत के गवर्नर शेरी हैदाई ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि यूक्रेनी सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई के जरिये रूसी सेना को रुकने के लिए मजबूर कर दिया है।

ब्रिटेन में यूक्रेनी सैनिकों का दल प्रशिक्षण लेने के लिए पहुंचा

रूस के खिलाफ युद्ध लड़ने के लिए प्रशिक्षण लेने के लिए यूक्रेनी सैनिकों का पहला दल ब्रिटेन पहुंच गया है। इस दल में शामिल सैनिकों के पास कोई पिछला सैन्य अनुभव नहीं है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य हथियारों और युद्ध रणनीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना है।

ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वालेस ने कहा, "ब्रिटिश सेना की विश्व स्तरीय विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए, हम यूक्रेन के सैनिकों को अपनी सेना के पुनर्निर्माण और उसकी क्षमता को बढ़ाने में मदद करेंगे, क्योंकि वे अपने देश की संप्रभुता और उसकी रक्षा के लिए लड़ रहे हैं।" साथ ही कहा कि ब्रिटेन सैनिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण भी प्रदान करेगा, जिसमें हेलमेट, व्यक्तिगत प्राथमिक चिकित्सा किट के साथ-साथ वर्दी और जूते शामिल हैं।

चीन ने

एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए बनाए खास नियम

पिछले दिनों चीन के विदेश मंत्री वांग वाइ ने अपने अमेरिकी समकक्ष एंटोनी ब्लिंकन से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान चीन के मंत्री ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र से जुड़ा ब्लूप्रिंट सौंपा। इस ब्लूप्रिंट में चीन ने वो नियम तय कर दिए हैं जिसके तहत अमेरिका को एशिया पैसेफिक क्षेत्र में काम करना होगा। दोनों की मीटिंग करीब 4 घंटे तक चली थी। चीनी मंत्री वांग ने जकार्ता में एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशंस के मंत्रियों के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इन नियमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। वांग ने बताया कि किस तरह से उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री के सामने अपने नियम रखें और ये नियम कितने जरूरी हैं। वांग ने कहा, "मैंने अमेरिकी पक्ष के सामने ये बात रख दी है कि दोनों पक्षों को शांति से यहां पर इन नियमों पर सकारात्मक रूप से चर्चा करनी चाहिए ताकि एक खुले एशिया-प्रशांत क्षेत्र के बारे में सोचा जा सके।" उन्होंने आगे कहा कि वो अब चीनी प्रस्ताव के बाद अमेरिका की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। वांग की तरफ से जो नियम बताए गए हैं उसके तहत आसियान देशों को सपोर्ट करना और जो क्षेत्रीय सहयोग का ढांचा तैयार किया गया है, उसे कायम रखना। साथ ही एशिया के हितों को बरकरार रखना शामिल है। इसके अलावा सार्वजनिक साधनों को आगे बढ़ाकर स्थिरता को प्रमोट करना शामिल है।

- **चीन और अमेरिका दोनों ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने में लगे हुए हैं।**
- **इसी क्षेत्र में चीन का अमेरिका के साथियों के साथ विवाद है जो काफी पुराना है।**
- **चीन ने अमेरिका के उस दावे को भी चुनौती दी है जो अंतर्राष्ट्रीय कानूनों से जुड़ा है।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।